Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Wednesday, 12 February 2025 ● Year : 03 ● Issue : 30 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

मन का मैल धोने के लिए नयन जल से अधिक उपयुक्त और कोई वस्तु नहीं है।

–प्रेमचंद

Rashmika Mandanna Seek Blessings...

SHARE

सेंसेक्स	:	76,293.60
निफ्टी	:	23,071.80

SARAFA

सोना	:	8,235
चांदी	:	107.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

जेईई मेन सत्र-1 का जारी हुआ रिजल्ट

NEW DELHI : जेईई मेन के 13 लाख से अधिक उम्मीदवारों के परिणाम एनटीए ने जारी कर दिए हैं। सोमवार शाम से ही सोशल मीडिया पर जेईई मेन सत्र-1 परिणाम का लिंक वायरल हो रहा था। हालांकि, इसकी मदद से अभ्यर्थी परिणाम चेक नहीं कर पा रहे थे, लेकिन अब एनटीए ने परिणाम लाइव कर दिया है। जो भी छात्र जेईई मेन सत्र-1 के पेपर-1 की परीक्षा में शामिल हुए थे, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। जेईई मेन सत्र-1 पेपर-1 (बीई,बीटेक) की परीक्षा में 14 छात्रों ने 100 फीसदी अंक हासिल किए हैं। पेपर-1 की परीक्षा के लिए कुल 13,11,544 छात्रों ने पंजीकरण किया था। इनमें से 12,58,136 (95.93 फीसदी) छात्र परीक्षा में शामिल हुए। पेपर-1 की परीक्षा 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी, 2025 को कुल 304 शहरों में स्थित 618 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

एसटीएफ की नींव के पत्थर रहे अजय शर्मा का निधन

LUCKNOW : उत्तर प्रदेश में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की नींव के पत्थर रहे वरिष्ठ आईपीएस अजय राज शर्मा का नोएडा में निधन हो गया। 1966 बैच के आईपीएस अजय राज शर्मा लंबे समय से बीमार थे। उनकी उम्र 80 वर्ष के करीब थी। उत्तर प्रदेश में कुख्यात गैंगस्टर श्रीप्रकाश शुक्ला के एंकाउंटर के लिए बनाई गई एसटीएफ टीम को वरिष्ठ आईपीएस अजय राज का नेतृत्व मिला था। इसके अलावा प्रदेश के तमाम नामचीन डकैतों एवं अपराधियों का भी अजय राज के नेतृत्व में एंकाउंटर किया गया था। उप्र के मिजार्पुर जनपद के मूल निवासी अजय राज शर्मा ने ग्रेजुएशन की शिक्षा इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से ली थी और आईपीएस बनने के बाद उनके कार्यकाल को बेहतरीन कार्यकाल के रूप में जाना जाता है।

विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी ममता बनर्जी

KOLKATA : कुछ दिन पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव के आए नतीजे में आम आदमी पार्टी की हार के बाद 'इंडिया' गठबंधन की एकता पर कई प्रकार से सवाल उठ रहे हैं। चुनाव नतीजे आने के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट किया है कि 2026 में होने वाला पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव तृणमूल कांग्रेस अकेले लड़ेगी। सीएम ममता बनर्जी ने कहा, कांग्रेस ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की मदद नहीं की। हरियाणा में आप ने कांग्रेस की मदद नहीं की। इसी वजह से भाजपा दोनों राज्यों में जीत गई। सभी को एक साथ होना चाहिए, लेकिन बंगाल में कांग्रेस का कुछ भी नहीं है। इसलिए हम अकेले चुनाव लड़ेंगे। इस पर शिवसेना उद्धव गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दिल्ली में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी की पार्टी राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव हमेशा अकेले लड़ती आ रही हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में 'इंडिया' ब्लॉक से नाता तोड़ लिया है।

11 लाख ने देखी 'स्वच्छ सुजल गांव' की तस्वीर

PRAYAGRAJ @ PTI : प्रयागराज के महाकुंभ मेले में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा बसाए गए 'स्वच्छ सुजल गांव' को अब तक 11 लाख से अधिक आगंतुकों ने देखा है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, यहां आने वाले श्रद्धालुओं ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार में आए बदलाव के बाद उत्तर प्रदेश के समृद्ध गांवों की कहानी देखी। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अतिथि देवो भवः की परंपरा का भी निर्वहन कर रहा है। स्वच्छ सुजल गांव में आने वाले आगंतुकों को 'जलप्रसाद' भी दिया जा रहा है। गांव में प्रतिदिन शाम को गंगा जल आरती भी हो रही है। महाकुंभ में 'जल मंदिर'भी बनाया गया है। 'जल मंदिर' में प्रदर्शित झांकी में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आ रही है। इसके जरिए संदेश दिया जा रहा है कि जल प्रसाद है, जल जीवनदायी है।

'जल मंदिर' में प्रदर्शित झांकी में भगवान शिव की जटा से धरती पर उतर रहीं मां गंगा

ग्रामीण जलापूर्ति विभाग कर रहा 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा का भी निर्वहन



अंबानी की चार पीढ़ियों ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

मंगलवार को रिलायंस इंड्रस्टीज लिमिटेड के प्रमुख मुकेश अंबानी ने अपनी मां, बेटों और पोते-पोतियों के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान करते हुए पवित्र डुबकी लगाई। अंबानी के साथ उनकी मां कोकिलाबेन, बेटे आकाश और अनंत, बहुएं श्लोका और राधिका, पोते पृथ्वी और वेदा और बहनें दीप्ति सालगांवकर और नीना कोठारी ने एक साथ डुबकी लगाई। उनके साथ अंबानी की सास, पूनमबेन दलाल और भाभी, ममथाबेन दलाल भी थीं।

बदले बुंदेलखंड की गाथा का दीदार

जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी आगंतुक रूबरू हो रहे हैं। वे यहां 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा का भी दीदार कर रहे हैं। देश-दुनिया से आए श्रद्धालु 40 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बसे गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, ग्राम पंचायत, सौर ऊर्जा के जरिये समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई कहानी भी देख रहे हैं। राज्य सरकार के नेतृत्व में ग्रामीण जलापूर्ति एवं नमामि गंगे विभाग ने महाकुंभ-2025 में स्वच्छ सुजल गांव बसाया है।

बजट बनाने में समावेशी विकास पर दिया गया है ध्यान : निर्मला सीतारमण

NEW DELHI : वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट को राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं का राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलन कायम करने वाला बताते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं। लोकसभा में केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्व का परिदृश्य 180 अंश घूम गया है और बजट बनाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह बजट अत्यंत अनिश्चितता और बदलते वैश्विक परिदृश्य में आया है, इसलिए इसे तैयार करने में कई चुनौतियां रहीं। उन्होंने कहा कि बजट बनाते समय समावेशी विकास पर ध्यान दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया के हालात, रूस-यूक्रेन युद्ध और वैश्विक जीडीपी में स्थिरता जैसे वैश्विक कारकों का असर इस बजट पर भी पड़ा है।

राजनाथ सिंह ने वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में साझेदारी पर दिया जोर

BENGALURU @ PTI : अंतरराष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' में हिस्सा लेने आए 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन हुआ। इसका विषय अंतरराष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से लचीलापन निर्माण (ब्रिज) रखा गया। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैश्विक समुदाय से उन्नत प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन में भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में नवीन दृष्टिकोण और मजबूत साझेदारी की आवश्यकता है। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 स्थायी सचिव और 17 सेवा प्रमुख शामिल थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के बीच का अंतर धुंधला हो रहा है, क्योंकि हाइब्रिड युद्ध में शांति के समय में भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की क्षमता है। साइबर स्पेस और आउटर स्पेस संप्रभुता की स्थापित परिभाषा को चुनौती दे रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम तकनीक, हाइपरसोनिक और निर्देशित ऊर्जा जैसी विध्वंसकारी तकनीक युद्ध के चरित्र को बदलकर नई कमजोरियां पैदा कर रही हैं।

- 'एयरो इंडिया' में 81 देशों के रक्षा मंत्रियों का हुआ सम्मेलन, वैश्विक समुदाय से जुड़ने का आह्वान
- हाइब्रिड युद्ध में शांति के समय में भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की क्षमता

रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना

सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्रियों ने एयरो इंडिया के आयोजन और विश्वस्तरीय निमार्ताओं को एक ही छत के नीचे नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपनी रक्षा और अन्य आवश्यकताओं के लिए भारत के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की। प्रतिनिधियों ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और नवीनतम उपकरणों और उत्पादों के सह-विकास और सह-उत्पादन की अपनी इच्छा व्यक्त की और भारत को लचीली आपूर्ति शृंखला में भागीदार बताया। उन्होंने शांति स्थापना में भारत की भूमिका और रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई देशों की क्षमताओं को उन्नत करने की दिशा में इसके प्रयासों को स्वीकार किया। विचार-विमर्श के दौरान साझा सुरक्षा चिंताओं पर भी चर्चा हुई, जिसमें मंत्रियों ने सर्वसम्मति से सशस्त्र संघर्ष से बचने पर सहमति जताई। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ने, आतंकवाद और साइबर अपराध जैसी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा करके इन खतरों के खिलाफ मिलकर लड़ने का संकल्प लिया गया।

पेरिस में प्रधानमंत्री मोदी ने कृत्रिम मेधा सम्मेलन को किया संबोधित

इस सदी में मानवता के लिए कोड बना रहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

PARIS @ PTI : मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुले स्रोत पर आधारित कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए एक वैश्विक ढांचा स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयासों का पुरजोर समर्थन किया, जो विश्वास एवं पारदर्शिता बढ़ाने के साथ पूर्वाग्रहों से मुक्त हों। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वैश्विक एआई सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि एआई राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को बदल रहा है और इस सदी में मानवता के लिए व्यवस्था (कोड) बना रहा है। मोदी ने कहा, शासन और मानकों को स्थापित करने के लिए ऐसे सामूहिक वैश्विक प्रयासों की जरूरत है जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों का ध्यान रखें और विश्वास पैदा करें। शासन केवल जोखिमों और प्रतिद्वंद्विता का प्रबंधन करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह नवाचारों के प्रोत्साहन और उन्हें वैश्विक भलाई के लिए तैनात करने के बारे में भी है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाना चाहिए और आम लोगों पर केंद्रित एप्लिकेशन बनाने चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीप फेक से संबंधित चिंताओं का भी समाधान करना चाहिए।

राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को बदलने में निभा रहा भूमिका

- इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती, एआई से नई नौकरियां होंगी पैदा
- मानव समाज के लिए हर स्तर पर प्रौद्योगिकी को बनाया जाना चाहिए लोकतांत्रिक
- साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीप फेक से संबंधित चिंताओं का किया जाए समाधान

शासन और नवाचारों पर हो खुलकर चर्चा

मोदी ने कहा कि एआई से जुड़ी सीमाओं और पूर्वाग्रहों को भी समझने की जरूरत है। हमें नवाचारों और शासन के बारे में गहराई से सोचना चाहिए और खुलकर चर्चा करनी चाहिए। खासकर वैश्विक दक्षिण में शासन सब लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने के बारे में भी है। यहां पर क्षमताओं की सबसे अधिक कमी है, चाहे वह कंप्यूटिंग हो, बिजली हो, प्रतिभा हो, डेटा हो या वित्तीय संसाधन हों। उन्होंने कहा कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि में बहुत कुछ बेहतर करके लाखों लोगों का जीवन बदलने में मदद कर सकता है। यह एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है, जिसमें टिकाऊ विकास के लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो। इसके लिए संसाधनों और प्रतिभा को एक साथ लाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एआई का इस्तेमाल बढ़ने पर नौकरियां जाने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा, इतिहास ने हमें दिखाया है कि प्रौद्योगिकी की वजह से काम कहीं जाता नहीं है। सिर्फ इसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां पैदा होती हैं।

गुणवत्तापूर्ण डेटा समूहों का विकास

पीएम ने पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्तापूर्ण डेटा समूहों के विकास पर जरूरत पर बल देते हुए कहा कि मुक्त स्रोत वाला ऐसा एआई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की जरूरत है जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए।

सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का रहा पुख्ता इंतजाम

10वीं-12वीं के वोकेशनल विषयों का लिया गया एग्जाम

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार से जैक बोर्ड मैट्रिक-इंटर की परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन वोकेशनल विषयों का एग्जाम हुआ। दो शिफ्ट में हो रही बोर्ड परीक्षा के पहले शिफ्ट में 10वीं के परीक्षार्थी शामिल हुए। दूसरे शिफ्ट में इंटर के वोकेशनल विषयों की परीक्षा ली गई। सभी केंद्रों पर परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम था। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। प्रत्येक केंद्र पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पहले शिफ्ट की परीक्षा 9:45 बजे से दोपहर 1



- कदाचार रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए हैं सीसीटीवी कैमरे

सुप्रीम कोर्ट से हेल्थ मिनिस्टर इरफान ने वापस ली याचिका

RANCHI : मंगलवार को झारखंड के हेल्थ मिनिस्टर डॉ. इरफान अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच में इरफान अंसारी की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान उनकी ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने का आग्रह किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। इरफान अंसारी ने झारखड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा 21 दिसंबर 2022 को इरफान अंसारी के विरुद्ध चार्ज फ्रेम किए जाने को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने वर्ष 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ संज्ञान लिया था।

6 महीने में झारखंड सरकार को नया विज्ञापन जारी करने का दिया आदेश

चतुर्थ श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया असंवैधानिक : SC

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार द्वारा आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 2010 की भर्ती प्रक्रिया को अवैध और असंवैधानिक करार दिया है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया निरस्त हो गई है। अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को 6 महीने में उक्त पदों के लिए नया विज्ञापन जारी करने और नए सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए यह आदेश दिया कि उम्मीदवारों को उनकी बात सुनने का अवसर दिए बिना बर्खास्त करने का फैसला सही है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि असंवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से की गई नियुक्तियों को संरक्षित नहीं किया जा सकता, भले ही उम्मीदवारों ने वर्षों तक काम किया हो और उनकी नियुक्ति रद्द करने से पहले उनकी बात नहीं सुनी गई हो।

शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

नियुक्त लोगों को नहीं मिली राहत

बता दें कि 29 जुलाई 2010 के विज्ञापन के तहत अमृत यादव और अन्य कई लोगों की नियुक्ति चतुर्थ पद पर की गई थी। बाद में नियुक्ति के लिए किया गया विज्ञापन रद्द कर दिया गया। इसके बाद नियुक्त हुए लोगों ने पहले हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद उन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अब यहां भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

न्यू स्टडी — विशेष प्रकार का रसायन पैदा कर तेजी से फैलते हैं विषाणु

स्किन को मच्छरों के काटने के अनुकूल बनाता है जीका वायरस

PHOTON NEWS, RESEARCH DESK : आंतरिक और बाहरी लक्षणों के अनुसार वायरस यानी विषिणु न तो पूर्ण रूप से सजीव है और न पूर्ण रूप से निर्जीव। यही कारण है कि जीव वैज्ञानिक इसे सजीव और निर्जीव के बीच की कड़ी कहते हैं। स्पष्ट रूप से यह देखा गया है कि अगर वायरस किसी सजीव के शरीर में प्रवेश करता है, वह सजीव जैसा व्यवहार करने लगता है। अगर वह सजीव के शरीर के बाहर रहता है, तो निर्जीव की स्थिति में आ जाता है। उसकी प्रति प्रकृति क्रिस्टल जैसी हो जाती है। सूक्ष्म जीवों में बैक्टीरिया अर्थात जीवाणु मनुष्य में रोग पैदा करते हैं, इसलिए हानिकारक हैं। कुछ जीवाणु ऐसे भी हैं, जो मनुष्य के लिए फायदेमंद हैं। वातावरण में नाइट्रोजन का फिक्सेशन बैक्टीरिया के द्वारा होता है। इससे दाल उत्पादन में मदद मिलती है। दूध से दही बनाने का काम भी बैक्टीरिया ही करते हैं, लेकिन वायरस हमेशा हानिकारक होते हैं, क्योंकि ये तरह-तरह की बीमारियां पैदा करते हैं। हाल में हुए रिसर्च में यह पता चला है कि जीका वायरस इंसानी त्वचा को मच्छरों के काटने के अनुकूल बना देता है।

एडीज प्रजाति के मच्छरों के काटने से डेंगू या चिकनगुनिया जैसी पैदा होती है बीमारी

मानव कोशिकाओं में मौजूद जीन और प्रोटीन पर तेजी से असर डालता यह वायरस

- सामान्य रूप से दिन में ही काटते हैं इस विषाणु को फैलाने वाले मच्छर
- मच्छरों के काटने के तीन से 12 दिनों के बाद ही दिखाई पड़ते हैं रोग के लक्षण
- लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन से जुड़े शोधकर्ताओं ने किया है विशेष अध्ययन

भारत सहित दुनिया के लगभग 90 देशों में अब तक फैल चुका है यह वायरस

उपलब्ध नहीं है कोई निश्चित इलाज

शोध के निष्कर्ष की पुष्टि के लिए मेटा-प्रोटिओम विश्लेषण विधि का उपयोग किया गया जो यह अध्ययन करती है कि शरीर में जीन और प्रोटीन किस प्रकार समन्वय के साथ कार्य करते हैं। शोध में यह विस्तार से जानकारी दी गई है कि जीका वायरस सबसे पहले 1947 में युगांडा के बंदरों में पाया गया था।

त्वचा में आता है मेटाबॉलिक बदलाव

लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन से जुड़े शोधकताओं की ओर से किए गए अध्ययन से पता चला है कि इंसान की त्वचा पर स्थापित होकर जीका वायरस ऐसे रासायनिक संकेत भेजता है, जो मच्छरों को अधिक आकर्षित करते हैं। इससे वायरस को तेजी से फैलने में मदद मिलती है। जीका वायरस मानव त्वचा में मेटाबॉलिक बदलाव लाता है। इस वजह से त्वचा शरीर की रक्षा करने के बजाय और अधिक मच्छरों को आकर्षित करने लगती है। अंतरराष्ट्रीय जर्नल कम्युनिकेशन्स बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार जीका वायरस त्वचा की कोशिकाओं (फाइब्रोब्लास्ट) में मौजूद जीन और प्रोटीन को परिवर्तित कर देता है। इस बदलाव के कारण त्वचा से अधिक मात्रा में वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) निकलने लगते हैं जो मच्छरों को आकर्षित करने और उन्हें अधिक काटने के लिए प्रेरित करते हैं।

रामपुरहाट में 16 हजार किलो विस्फोटक जब्त

KOLKATA : पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में पुलिस ने एक ट्रक से 16 हजार किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया है। यह विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट से भरे 320 बोरों में रखा गया था। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक कहां और किस मकसद से ले जाया जा रहा था, इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजे रामपुरहाट से तारापीठ जाने वाली सड़क पर मुनसुबा मोड़ के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में अमोनियम नाइट्रेट से भरे 320 बोरे बरामद हुए। प्रत्येक बोरे का वजन 50 किलोग्राम था, जिससे कुल विस्फोटक मात्रा 16 हजार किलोग्राम हो गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि यदि यह विस्फोटक इस्तेमाल किया जाता तो पूरा तारापीठ क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हो सकता था। ट्रक के चालक और सहायक से पूछताछ में विस्फोटक से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।

आईजी सिक्योरिटी के पद पर की गई है नियुक्ति

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए आईपीएस संजय लाठकर

PHOTON NEWS RANCHI : केंद्र सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर यह जानकारी दी है कि झारखंड कैडर के सीनियर आईपीएस अधिकारी संजय आनंद लाठकर को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुलाया गया है। भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग का आईजी सिक्योरिटी नियुक्त किया गया है। आईपीएस संजय आनंद लाठकर मुंबई स्थित परमाणु मुख्यालय में योगदान देंगे। संजय आनंद के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद झारखंड में एडीजी रैंक के अधिकारियों की कमी हो जाएगी। इससे पहले झारखंड पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण विभाग माना जाने वाला स्पेशल ब्रांच भी एडीजी के बिना ही चल रहा है। राज्य में अभी भी कई महत्वपूर्ण विभागों में एडीजी रैंक के अधिकारी नहीं हैं।

- केंद्र सरकार ने परमाणु ऊर्जा विभाग में सुरक्षा का दिया महत्वपूर्ण दायित्व
- राज्य में एडीजी अभियान के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे लाठकर

BRIEF NEWS

सम्मेद शिखर में 12 मार्च को जुटेगा आदिवासी समाज

GIRIDIH : जैन धर्मावलम्बियों के 20 तीर्थंकर के निर्वाण सम्मेद शिखर और प्राकृतिक उपासक आदिवासियों के प्रधान मारंग बुरु जुग जाहेरथान पारसनाथ पर्वत को लेकर प्राकृतिक उपासकों ने एक बार फिर बड़े आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है। पारसनाथ का अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए संथालियों के पूजन स्थल मरांग बुरु दिशोम मांझीथान के सुधीर बास्के ने कहा कि आदिवासियों के पूजन स्थल मरांग बुरु का अतिक्रमण सहन नहीं होगा। आंदोलन के प्रथम चरण में 12 मार्च को देश के कई राज्यों के आदिवासी समाज के बुद्धिजीवियों का जुटान मधुबन में होगा। इसमें आंदोलन की रूप रेखा तय होगी । हालांकि अतिक्रमण का आरोप किन पर है ये सुधीर बास्के ने स्पष्ट नहीं किया है। लेकिन 12 मार्च को एक बड़े आंदोलन का अल्टीमेटम दिया गया है। उल्लेखनीय है कि चार साल पहले भी सम्मेद शिखर मधुबन के पारसनाथ पहाड़ को लेकर विवाद हुआ था। एक तरफ जैन समाज ने बड़े व्यापक पैमाने पर आंदोलन करते हुए देश भर में प्रदर्शन किया था । दूसरी तरफ झारखंड, बिहार, ओड़िशा और बंगाल के हजारों की संख्या में आदिवासी नेताओं के साथ युवाओं का जुटान मधुबन में हुआ था। इस दौरान मामले की गंभीरता को समझते हुए जिला पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर विवाद बढ़ने से रोक दिया था। लेकिन एक बार फिर चार साल बाद 12 मार्च को संताली समाज आंदोलन का बिगुल फूंकने की तैयारी में है।

एमबीएनएस के शिविर में 50 यूनिट रक्तदान

JAMSHEDPUR : एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्थान के छात्रों, स्टाफ और अभिभावकों ने भाग लेकर 50 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन विवेक सिंह ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो मानवता की सेवा करने में मदद करता है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र, स्टाफ और अभिभावकों ने इस शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया।

'प्रमंडल स्तर का होगा आदिवासी विकास महाकुंभ'

PALAMU : पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला मंगलवार से शुरू हुआ। मेदिनीनगर सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में लगे मेले का वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने इसका शुभारंभ किया। मेले में परिसंपतियों का वितरण किया गया। योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों के 46 स्टॉल लगाए गए थे। मेला 12 फरवरी तक आयोजित है। मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि समाज का हर वर्ग आगे बढ़े। आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज का भी उत्थान हो। इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। झारखंड में आदिवासी समाज का साक्षरता दर 52 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से नीचे है। ऐसे में शिक्षा सभी के लिए आवश्यक है। शिक्षित होने से आदिवासियों के बच्चे विधानसभा एवं लोकसभा के सदस्य बनेंगे। इससे गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने हर वर्ग-समुदाय के शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकजुट रहेंगे,तो आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से यह मेला प्रमंडल स्तर पर होगा। इसमें तीनों जिले पलामू, लातेहार व गढ़वा जिले के आदिवासी समाज भाग लेंगे, इसके लिए सरकार के स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने मंईया सम्मान योजना के लाभ से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सम्मान राशि से महिलाएं अपनी जरूरतों को पूरा कर रहीं हैं। बच्चों की पढाई में खर्च कर उन्हें आगे बढ़ा रहीं हैं। इस अवसर पर कल्याण मंत्री ने कहा कि समाज की बेहतरी के लिए शिक्षा जरुरी है। विकास के लिए समाज को एकजुट रहना भी महत्वपूर्ण है।

लोहरदगा में सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

सेन्हा थाना क्षेत्र में चारपाई बेचकर लौट रहा था व्यक्ति, बाइक ने मार दी मोपेड में टक्कर

AGENCY LOHARDAGA : सेन्हा थाना क्षेत्र में बाइक और लूना (मोपेड) की टक्कर में कोराम्बे निवासी एतवा उरांव का पुत्र प्रवीण उरांव (25) का पैर टूट गया। प्रवीन शहर से अपने गांव जा रहा था जबकि दूसरा व्यक्ति बंसी बंजारा चारपाई बेचकर लौट रहा था। इसी दौरान दोनों बाइक में जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें प्रवीण उरांव का पैर टूट गया। जबकि बंसी बंजारा जो की जिला नीमच गांव मोरन मध्यप्रदेश का रहने वाला था। अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि उसके सर में गंभीर चोट लगी थी। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायल दोनों लोगों ने हेलमेट नहीं पहनी थी। यदि हेलमेट पहनते तो जान बच सकती थी। थोड़ी सी लापरवाही ने एक की जान ले ली और दूसरे को अपंग बना दिया।

घटनास्थल पर गिरा व्यक्ति

बाइक और लॉकेट चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

AGENCY PALAMU : बाइक और सोने की लॉकेट चोरी की घटना का मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस सिलसिले में एक लुटेरे और एक ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। बाइक और सोने का लॉकेट बरामद किया है। लुटेरे की पहचान हमीदगंज बीएन कॉलेज के पास रहने वाले संजीत ओझा और ई-रिक्शा चालक पप्पू कुमार के रुप में हुई है। रांची रोड रेड़मा के जितेन्द्र कुमार सोनी ने 10 फरवरी को घर के पास खड़ी स्पेलेंडर प्लस बाइक (जेएच03एपी 4920) चोरी हो जाने का मामला दर्ज कराया था। तेजी से अनुसंधान करते हुए गुप्तचरों से मिली सूचना पर बीसफुटा पुल के पास से चोरी गई बाइक पर सवार चोर संजीत ओझा को गिरफ्तार किया गया। संजीत ओझा पूर्व में ड्रोन कैमरा लूट मामले में जेल जा चुका है। साथ ही पुलिस ने पांच फरवरी को बेलवाटिका गुरूद्वारा के समीप पूंजय कुमार गुप्ता के पांच वर्षीय पुत्र के गले से सोने का लॉकेट निकाल लेने वाले ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया । आरोपित के द्वारा बच्चे के गले से सोने का लॉकेट निकालने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। अनुसंधान के दौरान आरोपित की पहचान की गयी और उसे गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर सोने का लॉकेट बरामद किया गया। ई-रिक्शा चालक पप्पू वर्ष 1998 में हत्या मामले एवं वन विभाग की लकड़ी चोरी कांड में जेल जा चुका है। शहर थाना स्थित इंस्पेक्टर कार्यालय में थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने इस संबंध में पूरी जानकारी दी।

मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

पुलिस ने 10.5 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट

CHAKRADHARPUR : अवैध अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस ने मंगलवार को जिला में करीब 10.5 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टेबो थाना अंतर्गत ग्राम जराकेल में करीब 3 एकड़, बंदगाव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंदुरिबेडा, गुंडई में करीब 4 एकड़ में फसल लगी थी। इसके अलावा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर टोकलो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हतनाबेड़ा में ग्रामीणों ने लगभग 3.5 एकड़ सहित जिला में करीब 10.5 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया।

जनता की समस्या दूर करना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

महिला की समस्या सुनते उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ● फोटोन न्यूज

LATEHAR : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। इसमें जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्या सुनाई। उपायुक्त ने सभी लोगों से एकझएक कर उनकी समस्या सुनी एवं आश्वासन दिया कि उनकी सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्या दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। वृद्धा पेंशन को लेकर मनिका प्रखंड के कईल मियां ने 4 महीने से पेंशन नही मिलने के कारण हो रही समस्या बताई। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्या रखी। लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

इचाक स्वास्थ्य केंद्र पूरे झारखंड में अव्वल

स्वास्थ्य विभाग ने उपायुक्त व उपविकास आयुक्त को दी बधाई

PHOTON NEWS HAZARIBAG : एनएचएसआरसी, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) मूल्यांकन के परिणाम घोषित किए गए हैं।

गर्व की बात है कि हजारीबाग में सभी सुविधाओं को पूर्ण प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर करियातपुर, ब्लॉक इचाक ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए झारखंड में सबसे अधिक 93.12 अंक प्राप्त किए हैं।

उपायुक्त नैन्सी सहाय ने स्वास्थ्य विभाग एवं डीएमएफटी हजारीबाग की टीम को बधाई दी है।

जिला को यह उपलब्धि प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग ने उपायुक्त के पूर्ण सहयोग तथा उल्लेखनीय सोच का परिणाम बताया एवं उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को बधाई दी। जिले के 28 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को डीएमएफटी द्वारा आईपीएचएस मानकों के अनुसार उपकरण, दवाएं और कंज्यूमेबल्स उपलब्ध कराए गए हैं, जो एनक्यूएएस के राष्ट्रीय प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक हैं। वर्तमान में, 17 केंद्रों के लिए सक्षम पोर्टल पर राष्ट्रीय प्रमाणीकरण के लिए आवेदन किया गया है, जिनमें से 10 सुविधाओं के लिए राष्ट्रीय प्रमाणीकरण कार्यक्रम का परिणाम जारी किया गया है। इनमें से 4 का प्रमाणीकरण हो चुका है, 4 का परिणाम लंबित है, और 2 का मूल्यांकन इसी महीने होना है।

हजारीबाग में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान शुरू

HAZARIBAG : समाज को नशे की चपेट से मुक्त कराने और युवाओं को एक सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से हजारीबाग जिला प्रशासन और हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से एक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अभियान को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त नैन्सी सहाय ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के लिए एक नई उम्मीद है, जो आने वाले समय में हजारीबाग को नशामुक्त जिला बनाने में सहायक साबित होगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना और पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से उन लोगों की मदद करना है, जो पहले से नशे के शिकार हो चुके हैं।

मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शुरू डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण

RAMGARH : मैट्रिक और इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। रामगढ़ जिले में 12669 छात्र मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए हैं। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 12300 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया है। इन दोनों परीक्षाओं के लिए 93 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक के परीक्षार्थियों के लिए 53 परीक्षा केंद्र बने हैं। इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा शुरू होने के बाद डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डीसी एवं एसपी ने राधा गोविंद पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया । उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे का जायजा लिया। डीसी ने केंद्राधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियम का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम सहित अन्य उपस्थित थे।

परीक्षा केंद्र पहुंचे डीसी व एसपी

अब बिजली के खंभे पर भी विधायक लिखवाएंगे अपना नाम : सरयू राय

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में लगाए जा रहे विद्युत ट्रांसफॉर्मरों के ऊपर पहले से विधायक बन्ना गुप्ता का नाम मोटे अक्षरों में पेंट किया हुआ है। मानगो के शंकोसाई रोड नं-5 का ट्रांसफार्मर सोमवार से खराब था। विधायक सरयू राय के समर्थकों एवं जनसुविधा प्रतिनिधियों की पहल पर मंगलवार की शाम खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर लगाने के लिए नया ट्रांसफार्मर आया तो लोगों का ध्यान इस ओर गया कि ट्रांसफार्मर के ऊपर मोटेमोटे अक्षरों में विधायक की जगह पूर्व विधायक बन्ना गुप्ता का नाम पेंट किया हुआ था। इसका विरोध हुआ तो ट्रांसफार्मर लगाने वाले उस ट्रांसफार्मर को लेकर जाने लगे। लोगों ने कहा कि जब तक दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं आ जाता, तब तक इस ट्रांसफार्मर को नहीं ले जाने देंगे। विधायक सरयू राय ने कहा कि यह छिछोरी हरकत है। ऐसे में अब तो बिजली के खंभे पर भी विधायक अपना नाम लिखवाने लगेंगे।

उपायुक्त के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाई गुहार

PHOTON NEWS HAZARIBAG : समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आए फरियादियों ने समस्या दूर करने की गुहार लगाई। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्या सुनी तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आए आवेदकों ने पीडीएस दुकान, मारपीट, आवास योजना का लाभ दिलाने, दाखिल खारिज, पेंशन, भूमि अतिक्रमण, तिपहिया साइकिल दिलाने, भूमि पर अवैध कब्जा आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की।

कोलघट्टी सदर की जीनत खातून ने उपायुक्त को बताया कि उनका दिव्यांगता पेंशन कई महीनों से रुका हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त ने तत्काल सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को समाधान का निर्देश दिया। वहीं चुटियारो के संतोष कुमार ने जनवतिरण प्रणाली दुकान फिर से चलाने, कटकमदाग की रुखसाना खातून ने घर में घुस कर मारपीट करने वाले पर कार्रवाई करने, टाटीझरिया के प्रभु रविदास ने आवास दिलाने, चौपारण के राजू पासवान ने दाखिल-खारिज के संबंध में, बड़कागांव के जगतपाल महतो ने जमीन का खतियान और रसीद ऑनलाईन चढ़ाने, चलकुशा के दिव्यांग अजय कुमार वर्णवाल ने बैट्री साइकिल उपलब्ध कराने, पम्मी कुमारी ने सरकारी स्टाम्प बिक्रय के लिए जगह मुहैया कराने, सदर के शुभम कुमार खंडेलवाल ने भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, रामचंद्र कुमार केरेडारी ने बीट के अनुसार परीक्षा फल निर्गत करने आदि से संबंधित आवेदन दिए।

लोगों की शिकायत सुनतीं उपायुक्त नैन्सी सहाय ● फोटोन न्यूज

सुरक्षित इंटरनेट डे पर पूरे राज्य में हुई कार्यशाला, दी गई खतरों से बचने की जानकारी

प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मियों को किया गया साइबर थ्रेट से सचेत

PHOTON NEWS HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय के निदेर्शानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग हजारीबाग के तत्वधान में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला हुई। इसमें जिला स्तरीय अधिकारियों व अन्य कर्मियों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल करने से संबंधित जानकारी दी गई।

कार्यशाला में डीआईओ संदीप कुमार और डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन ने इंटरनेट डे के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को कॉमन साइबर थ्रेट जैसे फिशिंग, विशिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, फेक एप्स, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, साइबर हाइजिन, पब्लिक वाई-फाई, वीपीएन, यूजिंग मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन, यूपीआई, हाउ टू सिक्योर क्रेडिट एंड डेबिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस, डिजिटल अरेस्ट, टू स्टेप वेरीफिकेशन, डीप फेक वीडियो आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपविकास आयुक्त ने कहा कि इंटरनेट एक तरफ वरदान है तो दूसरी तरफ अभिशाप, इसलिए इंटरनेट का सही इस्तेमाल करना चाहिए। इंटरनेट का दुरुपयोग करने से हम सबका भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इंटरनेट का सही इस्तेमाल कैसे हो, इसका प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है।

जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी संदीप कुमार ने सर्वप्रथम इंटरनेट के उद्भव एवं विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस वैश्विक रूप से मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि साइबर स्वच्छता की प्रक्रिया के तहत आमजन एवं अधिकारियों को उनके कंप्यूटर उपकरणों एवं उसमें रखी गई व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाए रखने में मदद करती है। इससे डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि पूरे जिले के प्रज्ञा केंद्र और पंचायत भवन में वीएलई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। कार्यशाला का उद्घाटन उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु एसडीपीओ अमित आनंद, डीपीओ पंकज तिवारी, डीडब्ल्यूएसो शिप्रा सिन्हा, डीआईओ संदीप कुमार, डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्रशासनिक पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

इंटरनेट का दुरुपयोग खतरे को देता न्योता : डीसी

RAMGARH : सुरक्षित इंटरनेट दिवस (सेफर इंटरनेट डे) पर मंगलवार को न्यू टाउन हॉल में कार्यशाला हुई, जिसमें उपायुक्त चंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने साइबर अपराध से बचाव व इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी। डीसी, एसपी व डीडीसी ने बताया कि इंटरनेट का दुरुपयोग खतरे को न्योता देता है। साइबर अपराधी फर्जी एप डाउनलोड कराकर खाता खाली कर देते हैं। लॉटरी लगने का झांसा देकर चपत लगाते हैं। गूगल में कुरियर सर्विस के नाम पर ठगी होती है। ओएलएक्स में सामान बेचने के नाम पर ठगी हो रही है, तो बड़ी कंपनी के नाम पर भी लोगों को झांसा दिया जाता है। आजकल ऑनलाईन शॉपिंग के नाम पर खूब फ्रॉड हो रहा है। फ्रॉड आपको आपके किसी परिजन की गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे ऐंठ लेते हैं। किशोर व बच्चे ऑनलाईन गेम में फंस रहे हैं। साईबर फ्रॉड होने के बाद 2-3 घंटे बहुत ही अहम होते है, जिसमें आपके पैसे बचाए जा सकते हैं। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इस मौके पर गुरुनाक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के बच्चों ने नाटक के माध्यम से इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया। कार्यशाला में उपविकास आयुक्त, रामगढ़, प्रभारी पदाधिकारी, गोपनीय, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), पुलिस निरीक्षक, यातायात, गुरुनाक पब्लिक स्कूल, रामगढ़, डीएवी पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के शिक्षक व बच्चे एवं अन्य आम जनता उपस्थित रहे।

अनजाने लिंक या कॉल से बचने की दी गई सलाह

छात्रों को संबोधित करते एसएसपी किशोर कौशल ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : उपायुक्त अनन्य मितल के निदेर्शानुसार सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर मंगलवार को करीम सिटी कॉलेज में कार्यशाला की गई, जिसमें प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी के अलावा कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र शामिल हुए। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एडीएम अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, प्राचार्य करीम सिटी कॉलेज समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया । राष्टीय सूचना विज्ञान केंद्र, पूर्वी सिंहभूम के तत्वधान में आयोजित कार्यशाला में इंटरनेट का उपयोग, साइबर क्राइम से बचने के तरीके, साइबर क्राइम के विरूद्ध कानूनी प्रक्रिया आदि को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई।

साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल करें 1930 पर कॉल

CHAIBASA : सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर मंगलवार को प्रखंड सभागार, सदर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला हुई, जिसका उद्घाटन सहायक समाहर्ता-सह-प्रशिक्षु आईएएस अर्नव मिश्रा, डीआईओ संजीव कुमार, एडीआईओ मनिष जांगीड़, ईडीएम साकिब सलाम खान सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों, कार्यरत प्रधान लिपिक, सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर,वीएलईएस, आईसीटी प्रशिक्षक व अन्य कर्मियों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल करने से संबंधित जानकारी दी गई। साइबर अपराध से संबंधित किसी भी शिकायत को अविलंब हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर बताएं।

न्यूज इंपैक्ट... वसी जफर इकबाल, वसीम जफर कैफी व वसीम कमल के खिलाफ दर्ज किया गया मामला

एसएसपी की फटकार के बाद अरगोड़ा थानेदार ने की एफआईआर

CRIME REPORTER RANCHI : रांची में एक युवक से पांच लाख रुपये ठग लिए गए। तीन युवकों ने बिजनेस में पैसे लगाने के नाम पर यह ठगी की। रांची एसएसपी की फटकार के बाद अरगोड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया। पीड़ित सुहैल अंसारी की शिकायत पर वसी जफर इकबाल, वसीम जफर कैफी व वसीम कमल के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। गौरतलब है कि पीड़ित पिछले एक साल से अरगोड़ा थाना का चक्कर लगा रहा था। थाने में मौजूद पुलिस पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे। 'द फोटोन न्यूज' ने इस मुद्दे को उठाया। 09 फरवरी के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। इसके बाद एसएसपी ने मामले को संज्ञान में लिया। एसएसपी ने अरगोड़ा थानेदार को फटकार लगाई। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई। बता दें कि अरगोड़ा पुलिस के रवैए से परेशान होकर पीड़ित ने रांची एसएसपी से भी न्याय की गुहार लगाई थी।

पिछले एक साल से अरगोड़ा थाना का चक्कर लगा रहा था युवक, पीड़ित के साथ किया जा रहा था दुर्व्यवहार

'द फोटोन न्यूज' ने उठाया था मुद्दा, प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी खबर, एसएसपी ने जांच कराने की कही थी बात

पांच लाख की ठगी का है मामला

एफआईआर में बताया गया है कि 2016 से 2023 तक वसी जफर इकबाल व उसका भाई वसीम जफर कैफी उसके घर के पास रहते थे। इस दौरान उन्होंने अप्रैल 2022 में उनकी मुलाकात वसीम कमल से कराई थी। वसीम कमल डोरंडा थाना क्षेत्र के परस टोली का रहने वाला है। वसीम कमल ने पीड़ित युवक को बिजनेस में पैसा लगाने व इससे आने वाले मुनाफा के बारे में बताकर झांसे में लिया। वसीम कमल और वसी ने पीड़ित युवक को एक लाख रुपये में हर महीना 10 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच दिया। इसके बाद वसीम और वसी ने पीड़ित युवक से चार लाख रुपये लिए। वसीम और वसी ने पीड़ित की मौसी को भी झांसा देकर एक लाख रुपये ले लिया। वसी जफर और वसीम कमल ने पीड़ितों को एक लाख पर 10 प्रतिशत महीना मुनाफा देने का एग्रीमेंट भी किया। इसके बाद 4 से 6 महीनों तक मुनाफा भी मिला। आरोप है कि इसके बाद आज तक न कोई मुनाफा दिया, न ही उनके द्वारा दिए गए रुपये वापस किए गए।

आरोपी वसी जफर इकबाल

आरोपी वसीम कमल

जान से मारने की मिल रही धमकी

एसएसपी को दिए आवेदन में बताया था कि 2023 में बिजनेस में पैसे लगाने के नाम पर तीन युवकों ने उनसे पांच रुपये ठग लिए। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। पीड़ित ने बताया है कि वह पिछले एक साल से अरगोड़ा थाना के चक्कर काट रहे हैं। आज तक उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। थाना जाने पर वहां मौजूद पुलिसकर्मी दुर्व्यवहार करते हैं। पुलिस कह रही है कि ठगा गए हो तो पुलिस वाले तुम्हारे पैसे देंगे क्या। पीड़ित ने बताया है कि एफआईआर करने को कहने पर ऑफिसर के छुट्टी पर होने का हवाला दिया जाता है। पुलिस कहती है यह थाना है, यहां सिर्फ क्राइम से संबंधित केस दर्ज किया जाता है। कोर्ट जाकर केस करो। पीड़ित ने इस मामले में ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज कराई है। लेकिन, वहां से भी उसको कोई मदद नहीं मिली। पीड़ित ने लिखा है कि वह थाना जा-जाकर थक गया है। परेशान होकर वह एसएसपी की शरण में आया है।

BRIEF NEWS

मंदिर निर्माण के लिए किया पांच लाख का सहयोग

RANCHI : सिमडेगा में बने श्री श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम बाबा के भक्त अजय मयंक जैन और आनंद गोयल (नेहा ट्रैक्टर) वाले रांची से मंगलवार को सिमडेगा पहुंचे और श्याम मंदिर का अवलोकन किया और बाबा की मोर छड़ी का मोर पंख जो अपने साथ लाए थे उसका पूजन किया। अजय मयंक जैन परिवार द्वारा अपने हाथों द्वारा पांच लाख रुपए मंदिर निर्माण में सहयोग दिया और मंदिर निर्माण में और सहयोग करने का आश्वासन दिया। मोहन दास महाराज खाटू वाले से फोन पर स्वीकृति भी मिल गई है उनके सानिध्य में ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जाएगा। उनका बहुत जल्द आगमन सिमडेगा में होगा।

वाटर क्राइसिस से निपटने को लेकर बना समर एक्शन प्लान

RANCHI : रांची में आगामी गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को उप प्रशासक गौतम कुमार साहु की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जलापूर्ति शाखा के सभी इंजीनियर, पाइपलाइन निरीक्षक, पेयजल एवं स्वच्छता के विभिन्न प्रमण्डलों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। उप प्रशासक ने आगामी गर्मी के मौसम में पेयजलापूर्ति की समस्या से निपटने के लिए रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्मी में भू-गर्भ जल का कम से कम दोहन किया जाए और इसके लिए सरफेस वाटर से टैंकर फीलिंग की व्यवस्था की जाए। इस उद्देश्य के तहत, ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जानी है। जैसे लटमा हिल्स, कांके डैम, यूजीआर 1 और यूजीआर 2, सिरम टोली सम्प, कांटोटाली बस स्टैंड सम्प, कर्बला चौक सम्प, पिस्का मोड़ सम्प, कुसई कॉलोनी सम्प सहित अन्य क्षेत्रों में सरफेस उपलब्ध कराया जाएगा।

फरवरी में ही 36 डिग्री पर पहुंचा राज्य का पारा

RANCHI : राज्य में फरवरी माह में ही तापमान बढकर 36 डिग्री हो गया है। मंगलवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अभी फरवरी का महीना आधा भी खत्म नहीं हुआ है। देश भर में झारखंड की पहचान एक हरे भरे राज्य के रूप में होती है, लेकिन राज्य गठन के बाद से राज्य में वनों की तेजी से कटाई हो रही है। गांव से लेकर शहरी इलाकों में भी सड़क, पुल और आवास निर्माण समेत अन्य जरूरी विकास कार्यों के लिए हर दिन हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं, जिसका दुष्प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है।

भू-राजस्व, भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने की विभागीय समीक्षा, कहा-

सीओ ने दाखिल-खारिज का आवेदन बेवजह रिजेक्ट किया तो होगी कार्रवाई

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट करने पर अंचलाधिकारी (सीओ) पर अब कार्रवाई होगी। साथ ही अंचलों में दाखिल खारिज संबंधित मामलों पर आवेदनों की अस्वीकृत या आपत्ति के कारणों को सीओ को 50 शब्दों में ठोस बातें लिखकर स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य है। मंत्री प्रोजेक्ट भवन में भू-राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मंत्री के अलावा सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशि प्रकाश झा, भूमि निदेशक भोर सिंह यादव समेत जिलों से आए एलआरडीसी, एडिशनल कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। बिरुआ ने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिखकर अंचल अधिकारी आवेदनों को रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं। इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी पदाधिकारी सचेत हो जाएं और ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वहन करें।

आवेदन नामंजूर करने पर अंचलाधिकारी को 50 शब्दों में बताना होगा ठोस कारण

आरओबी बनाने पर ग्रामीण सड़कों पर दें ध्यान

एनएचएआई कार्य परियोजना को लेकर मंत्री ने दो टूक कहा कि जहां-तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। आरओबी ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानियां होती है। उन्होंने लैंड एक्वीजिशन को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही। साथ ही कहा कि एनएचएआई की जिम्मेवारी है कि पदाधिकारी लैंड एक्वीजिशन संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें। विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण का वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि कमजोर प्रदर्शन करनेवाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने एलआरडीसी और एसी को अंचलों में लगनेवाले कैंप की विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया।

मॉडर्न रूम को करें दुरुस्त, समय पर कार्य निपटाएं सभी कर्मचारी

बिरुआ ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाए। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपने जमीन की सही जानकारी नहीं मिल पाती। खतियान निकालने के बाद भी रैयतों को परेशानी नहीं होना चाहिए, इसका ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रूम में कैथी और बंगला भाषा में लिखे खतियान को ट्रांसलेट करने सुविधा देने की आवश्यकता है। मौके पर भू-राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल खारिज के

अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भू-लगान के निर्धारण और ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लंबित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी ससमय सभी कार्यों के निष्पादन के लिए समन्वय स्थापित कर काम करें।

1996 से बंद पड़ी बेकन फैक्ट्री का कृषि मंत्री ने किया निरीक्षण

- शेड की गुणवत्ता देख हुईं नाराज
- मात्र 25 हजार रुपये के लिए बंद हो गई थी फैक्ट्री, सरकार शुरू करने की तैयारी में
- सूकर पालन करने वालों को मिलेगी राहत

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के कांके में स्थित 1996 से बंद पड़ी बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने की पहल अब जोर पकड़ने लगी है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को इस फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फैक्ट्री को फिर से चालू करने के संबंध में सकारात्मक चर्चा हुई है। एक समय में यह फैक्ट्री एशिया की सबसे बड़ी बेकन फैक्ट्री मानी जाती थी। लेकिन महज 25 हजार रुपये के कारण यह बंद हो गई थी। इस फैक्ट्री में सूकर मांस के विभिन्न रेडी-टू-इट व्यंजन तैयार होते थे और इसे रैनबेक ब्रांड के नाम से बेचा जाता था। मंत्री ने बताया कि फैक्ट्री के फिर से चालू होने से सूकर पालन से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और उनके व्यवसाय में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ब्यूरोक्रेट्स के भरोसे हर चीज को छोड़ना सही नहीं है। हमें अपनी इच्छाशक्ति से काम करते हुए सकारात्मक परिणाम निकालने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत वितरण किए जा रहे पशुओं के बारे में भी बात की और सुझाव दिया कि अगर विभाग के फॉर्म सेंटर में तैयार पशु उपलब्ध हो तो यह अधिक लाभकारी होगा।

पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

सबका साथ, सबका विकास था पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना : मुंडा

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को रांची में भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर दीनदयाल नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पंडित दीनदयाल के विचारों और उनके अंत्योदय के सिद्धांत को याद करते हुए कहा कि उनका सपना सबका साथ, सबका विकास को साकार करने का संकल्प हम सभी को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राय ने कहा कि पंडित

दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम होना चाहिए। उनका उद्देश्य जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण था। रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने पंडित जी के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि दीनदयाल जी जातिवाद और भेदभाव के विरोधी थे। उन्होंने भारतीय समाज में समान अधिकार और सम्मान की बात की थी। कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, सुबोध सिंह गुड्डू, शोभा यादव,बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, बसंत दास, रौशनी खलको, अनिता वर्मा, पायल सोनी, जितेंद्र सिंह पटेल, विकास रवि, रवि मुंडा, रणधीर सिंह, इंद्रजीत यादव एवं रांची महानगर के सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद थे।

शहर की साफ-सफाई देखने के लिए सड़क पर उतरे नगर प्रशासक

अतिक्रमण करने वालों को संदीप सिंह ने दी चेतावनी, कहा- नहीं हटाने पर होगी कार्रवाई

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम क्षेत्र के मुख्य मार्ग, कनेक्टिंग पथ को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए निगम लगातार प्रयास कर रहा है। इस दिशा में निगम की टीम द्वारा लगातार स्वच्छता और अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाए जा रहे हैं। ऐसे में शहर की सफाई का हाल जानने के लिए नगर प्रशासक संदीप सिंह खुद राजधानी की सड़कों पर निकल पड़े। इस दौरान उनके साथ स्वच्छता शाखा के पदाधिकारी भी थे। उन्होंने शहर के प्रमुख मार्ग कचहरी चौक, सर्कुलर रोड, लालपुर, डंगराटोली, कांटाटोली, सिरमटोली चौक, सुजाता होते हुए मेन रोड की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रशासक ने सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए पदाधिकारियों को कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कहा कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर स्पेशल ड्राइव चलाया जाए, ताकि शहर की सफाई दुरुस्त रहे। निरीक्षण के दौरान उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, नगर प्रबंधक और संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर उपस्थित थे।

दो दिनों के झारखंड दौरे पर रांची आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

सहायक प्रशासक रखेंगे नजर

प्रशासक ने कहा कि 14-15 फरवरी को राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर एयरपोर्ट से लेकर सभी मुख्य मार्गों पर सफाई कार्यों को 24 घंटे मुस्तैदी से किया जाए। इसमें झाड़ू लगाना, डंप कूड़े का उठाव और जाम नालियों की सफाई शामिल हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सफाई व्यवस्था का निरीक्षण नगर प्रबंधक और सहायक प्रशासक की गठित टीम द्वारा फील्ड विजिट करते हुए किया जाए।

नहीं चुकाई गई 63 लाख की फाइन, अब चल रही वसूली की तैयारी

धरा का धरा रह गया रांची नगर निगम का चालान

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी में नियमों का उल्लंघन करने और अतिक्रमण करने पर रांची नगर निगम लोगों से फाइन वसूलता है। इसके लिए लगातार अभियान भी चलाए जा रहे हैं। लेकिन, राजधानी में 500 से अधिक लोगों ने रांची नगर निगम द्वारा लगाई गई फाइन को नहीं भरा है। इससे नगर निगम को 63 लाख नहीं मिले हैं। इसके लिए रांची नगर निगम ने नियमों का उल्लंघन करने वालों को रसीद भी थमाई थी। इतना ही नहीं, उन्हें एक तय समय के अंदर फाइन जमा कराने का निर्देश भी दिया था। इसके बावजूद लोगों ने गंभीरता नहीं दिखाई। अब नगर निगम उनसे पेनाल्टी के साथ फाइन वसूलने की तैयारी में है। इतना ही नहीं इसे लेकर नगर निगम फाइन नहीं भरने वालों को नोटिस जारी करेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

500 से अधिक लोगों का निगम की एनफोर्समेंट टीम ने पहले ही काटा था चालान

तीन नोटिस के बाद भी फाइन नहीं भरने वालों पर अब की जाएगी कड़ी कार्रवाई

प्रतिष्ठानों की लिस्ट तैयार

रांची नगर निगम बकाएदारों से फाइन वसूलने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए पहले रांची नगर निगम नोटिस जारी करेगा। इसके बाद दूसरा और फिर तीसरा रिमाइंडर नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद भी नियमों की अनदेखी करने वालों के द्वारा अगर फाइन नहीं भरा जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठानों को नियमों के तहत सील करने की कार्रवाई की जाएगी। इसकी पूरी लिस्ट रांची नगर निगम ने तैयार कर ली है। दुकानदारों और भवन मालिकों को अब नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

टीम में घट गए थे अफसर

नगर निगम की एनफोर्समेंट टीम शहर में अतिक्रमण करने या नियमों का उल्लंघन करने पर फाइन काटती है। ऐसे में टीम ने कुछ महीने पहले अतिक्रमण करने, नियमों का उल्लंघन करने पर राजधानी में 500 से अधिक लोगों पर फाइन लगाई थी। इसकी रसीद भी लोगों को थमाई गई थी। लेकिन, इस बीच टीम में से अफसरों को हटा दिया गया। इसका कारण बताया गया कि उनका कार्यकाल खत्म हो चुका है। ऐसे में मात्र 17 अफसर ही टीम में बच गए थे। इस कारण एनफोर्समेंट टीम न तो ठीक से अभियान चला पा रही थी और न ही फाइन की वसूली हो पा रही थी। अब फिर से 28 अफसरों की टीम में वापसी हो गई है। 45 लोगों की पूरी टीम बन गई है। टीम को अब फाइन वसूलने के साथ एनक्रोचमेंट ड्राइव भी चलाने का निर्देश दिया गया है।

रात में भी अभियान चला रही टीम

45 लोगों की टीम को चार जोन में बांटा गया है। इसके अलावा रात के लिए भी एक टीम बनाई गई है। अब ये टीम रात में शहर में जांच अभियान चला रही है। रोड पर बिल्डिंग मैटेरियल, अतिक्रमण और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों पर फाइन लगाने का निर्देश दिया गया है, ताकि राजधानी को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके। बता दें कि रांची नगर निगम में कुल 53 वार्ड हैं। सवा दो लाख से अधिक हाउस होल्डर रजिस्टर्ड हैं।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिला झारखंड जनाधिकार महासभा का प्रतिनिधिमंडल

RANCHI : मंगलवार को झारखंड जनाधिकार महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। संगठन के सदस्यों ने पेसा के सभी जरूरी नियमों के अनुरूप झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 को संशोधित करने की मांग की और इससे संबंधित संलग्न पत्र सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव भी शामिल थीं। इस दौरान पंचायती राज मंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी के सुझावों को लेते हुए इस प्रक्रिया को मिलकर आगे बढ़ाया जाएगा। मंत्री के समक्ष अपनी बात रखते हुए झारखंड जनाधिकार महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पेसा के मूल कानून के मुताबिक अनुसूचित क्षेत्र में त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था के प्रावधानों की बात कही गई है। लेकिन, झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 के तहत इसमें पेसा के अनुरूप ग्राम सभा और पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था संबंधित अनेक प्रावधान नहीं हैं।

जांच के लिए दाखिल रिट पर हियरिंग स्थगित

ईडी के नाम पर वसूली केस में 6 मार्च को होगी सुनवाई

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में ईडी के अधिकारियों को मैनेज करने के कथित आरोपों की जांच के लिए दाखिल याचिका पर सुनवाई स्थगित हो गई। अब हाईकोर्ट इस मामले पर 6 मार्च को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों के विरुद्ध पीडक कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। इससे पहले राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा था। जिसमें उसने रांची पुलिस को पंडरा ओपी,

सुखदेव नगर थाना, जगन्नाथपुर थाना, अनगडा थाना, मोरहाबादी टीओपी, नामकुम थाना और देवघर थाना के 4 अक्टूबर 2024 से लेकर 17 अक्टूबर 2024 तक की सीसीटीवी को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। दरअसल रांची के पंडरा ओपी में पिछले वर्ष कांड संख्या 507/2024 और 508/2024 दर्ज की गयी थी। पहली प्राथमिकी में अधिवक्ता सुजीत कुमार ने रंगदारी की मांग कर अपहरण करने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

समाचार सार

अफीम खेती के दुष्प्रभाव बताएगा जागरूकता वाहन

CHAIBASA : जिला समाहरणालय से मंगलवार को डीआईजी मनोज रतन चौथे ने जागरूकता वाहन रवाना किया, जो जिले भर में घूम-घूम कर अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभाव बताएगा। इस मौके पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, और डालसा के सचिव ने भी एलईडी जागरुकता वाहन को झंडी दिखाई।

भाजपा ने मनाई पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि

JAMSHEDPUR : भाजपा, जमशेदपुर महानगर ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाया। मंगलवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरीय नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे एवं भारत माता की जय से कार्यालय परिसर गुंजायमान रखा। इस अवसर पर वक्ताओं ने पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। भाजपा महानगर अंतर्गत सभी 28 मंडलों में पं. दीनदयाल को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, डॉ. राजीव कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, रमेश हांसदा, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, संजीव कुमार, बिनोद सिंह, उज्ज्वल सिंह, अप्पा राव, धर्मेंद्र प्रसाद, नीतीश कुशवाहा, सागर राय, रमेश बास्के, बिनोद राय, पवन सिंह, अमित मिश्रा, कमलेश सिंह, रमेश नाग, अजय सिंह, रॉकी सिंह, राहुल तिवारी, प्रकाश दुबे, दीपक तिवारी समेत कई अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

बीआईएस ने बंच्ड केबल पर किया मंथन

JAMSHDPUR : भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) कार्यालय में मंगलवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में मानक मंथन का आयोजन किया गया। इसमें 11,000 वोल्ट तक वर्किंग वोल्टेज के लिए एरियल बंच्ड केबल के लिए भारतीय मानक के मसौदे पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीआईएस जमशेदपुर के निदेशक और प्रमुख कुणाल कुमार ने की। इस दौरान सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया कि भारतीय मानक मजबूत बना रहे और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप हो। सत्र के दौरान, भारतीय मानक का विस्तृत अध्ययन किया गया और प्रतिभागियों ने मसौदा मानक के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और सुझाव दिए। मानक मंथन उद्योग के हितधारकों के लिए चर्चा में शामिल होने और मसौदा मानकों पर प्रतिक्रिया देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। यह विचार-मंथन सत्रों को बढ़ावा देता है, जहां मानक निर्माण की प्रक्रिया के दौरान उद्योग विशेषज्ञों सहित हितधारकों के इनपुट को ध्यान में रखा जाता है। कार्यक्रम में विभिन्न केबल निर्माण इकाइयों, लाइसेंसधारी और गैर-लाइसेंसधारी दोनों के 16 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कल उलियान में लगेगी रेडियो प्रदर्शनी

JAMSHDPUR : विश्व रेडियो दिवस पर 13 फरवरी को उलियान, कदमा के निर्मल महतो रोड पर रेडियो प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसे लेकर गाइड इंटरनेशनल रेडियो लिसेनर्स क्लब के संस्थापक चिन्मय महतो ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सुबह 11 बजे से रेडियो पर परिचर्चा भी होगी। प्रदर्शनी में पुराने से लेकर अब तक के सैकड़ों रेडियो, ट्रांजिस्टर, रिकॉर्ड प्लेयर आदि प्रदर्शित किए जाएंगे।

रेल जीएम ने किया बंडामुंडा का दौरा

CHAKRADHARPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा मंगलवार को बंडामुंडा पहुंचे। महाप्रबंधक अपने विशेष सेलून से सुबह करीब छह बजे राउरकेला रेलवे स्टेशन आए। इसके बाद सुबह करीब 9 बजे बंडामुंडा रवाना हो गए। जीएम ने सबसे पहले बंडामुंडा ए-केबिन का दौरा किया, जहां उन्होंने तमाम विभागीय अधिकारियों से रेल यार्ड से जुड़े तमाम जानकारी ली। उन्होंने ए-केबिन से बंडामुंडा रेल यार्ड तक के बीच रेल ट्रैफिक को जाम मुक्त करने के लिए कई दिशा-निर्देश दिए। यहां से वे डिपार्चर यार्ड गए, जहां उन्होंने रेल यार्ड समेत रेलवे ट्रैक,पाथ वे का जांच की। उन्होंने कैरेज एंड वैगन विभाग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चक्रधरपुर के डीआरएम तरुण हुरिया समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

गरीब कैदियों को मिलेगी वित्तीय सहायता : डीसी

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के समाहरणालय में मंगलवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक हुई। इसमें गरीब बंदियों को वित्तीय सहायता पहुंचाने की योजना पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कारा अधीक्षक को निर्देश दिया कि जुर्माना राशि देने में असमर्थ गरीब बंदियों को चिह्नित कर प्रस्ताव इम्पावर्ड कमेटी को उपलब्ध कराएं।

बिष्टुपुर बाजार में बना दी गई अवैध दुकान, एसडीओ ने दिए जांच के आदेश

दुकान बनवाने वाले का नाम नहीं बता रहे दुकानदार, जेएनएसी करेगी इन्क्वायरी

PHOTON NEWS JSR: बिष्टुपुर बाजार में सरकारी जमीन पर रातों-रात दुकान बना दी गई है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद एसडीओ शताब्दी मजूमदार मामले की जांच के लिए मौके पर गई थीं। मगर, बाजार में किसी ने उन्हें यह जानकारी नहीं दी कि यह दुकान किसने बनवाई है। एसडीओ ने कई दुकानदारों से पूछताछ की, मगर यह अवैध दुकान बनवाने वाले के खिलाफ कोई मुंह खोलने के लिए तैयार नहीं है। इसके बाद एसडीओ ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

अब इस मामले की जांच जेएनएसी करेगी। जुस्को से भी जानकारी ली जा रही है कि उसने किसी को यह जगह आवंटित तो नहीं की है।

डस्टबिन की जगह खड़ा दुकान का ढांचा ● फोटोन न्यूज

कचरा फेंकते थे लोग

दुकानदारों का कहना है कि यहां जिसने दुकान बनवाई है, वह जुगसलाई का रहने वाला है। दुकानदारों का कहना है कि जब दुकान बन रही थी तो इसकी शिकायत बिष्टुपुर थाना और जेएनएसी से भी की गई थी। मगर, किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसके चलते कूड़ा फेंकने वाले स्थल पर टिन की यह बड़ी गुमटी टाइप बना कर दुकान रख दी गई है। दुकानदारों का कहना है कि यहां डस्टबिन रखी होती थी। अब डस्टबिन हटा दी गई है। अब उनके सामने कचरा फेंकने की दिक्कत हो रही है।

बिना आवंटन दुकान बनाना अवैध

शहर की बाजारें अब सैरात की जमीन में हैं। यहां बिना आवंटन कराए दुकान बनाना अवैध है। बिष्टुपुर बाजार में जितनी भी दुकानें बनी हैं सब को जगह आवंटित की गई है। इसी के बाद दुकानें बनी हैं। बिष्टुपुर में अवैध दुकान बनाने का यह पहला मामला नहीं है। पहले भी यहां अतिक्रमण कर दुकानें बनाई गई हैं। इसके चलते जेएनएसी तक को यहां कार्रवाई करनी पड़ी है।

एनएच पर सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत

JAMSHEDPUR : सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर निवासी लक्ष्मण घटवाल की सोमवार रात को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। यह हादसा चांडिल थाना क्षेत्र के चिलगू स्थित नेशनल हाईवे-33 पर हुआ था। यहां एक ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। 48 वर्षीय लक्ष्मण मूल रूप से पुरुलिया जिले के नवाडीह का निवासी था। वह आदित्यपुर में रहकर मजदूरी करता था। में था। सोमवार को वह बाइक से अपने गांव नवाडीह जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लक्ष्मण घटवाल को तुरंत एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। लक्ष्मण घटवाल के परिवार में उसकी पत्नी वंदना घटवाल, दो बेटे और दो बेटियां हैं। परिवार पहले ही आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहा था। घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है।

कारोबारी बाबू दास पर फायरिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

ADITYAPUR : सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर में 7 फरवरी को कारोबारी बाबू दास पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने दो आरोपियों अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा और आनंद दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों के पास से कांड में प्रयुक्त देसी पिस्तौल भी बरामद किया है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि घटना 7 फरवरी की रात की है, जब अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा और आनंद दुबे ने आदित्यपुर के सपड़ा स्थित देसी ढाबा में घुसकर बाबू दास पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में बाबू दास को 7 गोलियां लगी थीं। बाबू दास का इलाज टीएमएच में चल रहा है। हमलावर घटना के बाद एक स्विफ्ट डिजायर कार से भाग गए थे, लेकिन चिलगू के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। मामले में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि अज्जू थापा कुख्यात अपराधी संतोष थापा का रिश्तेदार है और पुलिस अब संतोष थापा और देवशीष दास की तलाश कर रही है, जो घटना के बाद से फरार हैं।

चाकुलिया में प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने कर दिया सड़क जाम, दी चेतावनी

PHOTON NEWS CHAKULIA : पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया नगर पंचायत की मुस्लिम बस्ती के लोगों ने मंगलवार को प्रदूषण से निजात दिलाने की मांग को लेकर चाकुलिया-धालभूमगढ़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि मशरूम फैक्ट्री और राइस मिल से निकलने वाला प्रदूषण उनकी जिंदगी में भारी परेशानी का कारण बन गया है। तिरपाल बिछाकर सड़क पर बैठने वाले इन ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि चाकुलिया हाटचाली रोड पर स्थित दो फैक्ट्रियों से फैलते प्रदूषण के कारण उनके जीवन में कई समस्याएं आ रही हैं। मशरूम फैक्ट्री से उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इसके अलावा, राइस मिल से भी प्रदूषण फैल रहा है, जिससे आसपास के इलाके के लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं। सड़क जाम की सूचना मिलने पर सीओ नवीन पूर्ति जाम स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। सीओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उन्होंने सात फरवरी को इस मामले में आवेदन प्राप्त किया है और जांच प्रक्रिया में 10-15 दिन का समय लगेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 26 फरवरी तक वरीय अधिकारियों को जांच रिपोर्ट भेज दी जाएगी, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मो साजिद ने कहा कि अगर फरवरी माह तक समस्या का समाधान नहीं होता है, तो वे एक मार्च को फिर से सड़क जाम करेंगे।

सड़क जाम करते लोग ● फोटोन न्यूज

चाउमिन ठेला संचालक को मारा उस्तरा, घायल

JAMSHEDPUR : गोलमुरी थाना अंतर्गत नामदा बस्ती में मंगलवार शाम उस्तरेबाजी की घटना से सनसनी फैल गई। इस घटना में रौशन कुमार नामक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार रोशन नामदा बस्ती में ही चाउमिन का ठेला लगाता है। आए दिन आसपास के दबंग युवकों द्वारा उससे रंगदारी मांगी जाती है। कभी-कभी उनके दबाव में आकर पैसे दे देता था। मंगलवार को भी उससे पैसे की मांग की गई। नहीं देने पर पास के ही सैलून से उस्तरा निकालकर अपराधियों ने उस पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है।

हथियार व गांजा के साथ टेल्को के थीम पार्क से एक गिरफ्तार

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसएसपी किशोर कौशल ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : टेल्को थाना क्षेत्र के थीम पार्क के पास से पुलिस ने एक युवक के पास से एक किलो 865 ग्राम गांजा और देसी सिक्सर बरामद किया है। दो कारतूस भी बरामद किए हैं। उसके पास से गांजा बरामद हुआ है। उसका नाम करमू मानकी उर्फ करण माझी है। वह घाटशिला थाना क्षेत्र के घाटीडूबा गांव के बक्सोल टोला का रहने वाला है। मंगलवार को एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि टेल्को थाना की पुलिस सोमवार की रात गश्त पर निकली थी। तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे खदेड़ कर पकड़ा। उसकी तलाशी ली गई तो उसकी कमर से देसी सिक्सर और पैंट की जेब से दो कारतूस बरामद हुए। उसके बैग को देखा गया तो दो प्लास्टिक में एक किलो 865 ग्राम गांजा था।

ग्रामीण बैंक के पास लगी आग, बाइक जलकर राख

आग बुझाते दमकलकर्मी ● फोटोन न्यूज

ADITYAPUR : आदित्यपुर : आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत इच्छापुर मैदान के पास स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के पास सूखे पत्तों में आग लगने के चलते विकराल आग ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के भवन को भी अपनी चपेट में ले लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंक के पास खाली भूखंड में सूखे पत्तों को किसी ने आग लगा दी थी, जिसने विकराल रूप धारण कर लिया। वहां खड़ी एक बाइक में भी आग लग गई और बाइक धू-धूकर जलने लगी। इसके बाद बैंक की बिल्डिंग में आग घुस गई। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। सूचना पर झारखंड अग्निशमन दल का दमकल पहुंचा और उसने आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि बाइक और पास में रखे पानी के प्लास्टिक पाइपों के चलते आग ने भयावह रूप ले लिया।

घाटशिला में 986 छात्रों ने दी मैट्रिक परीक्षा, 7 अनुपस्थित

GHATSILA : झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा मंगलवार को पहले दिन शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त रही। घाटशिला अनुमंडल के 26 परीक्षा केंद्रों में 986 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 7 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र व एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने बताया कि किसी भी परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया है। इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन अनुमंडल के 12 परीक्षा केंद्रों में 1103 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। इसमें 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहने के कारण 1097 छात्र शामिल हुए।

जयंती पर याद किए गए वीर शहीद बाबा तिलका माझी

PHOTON NEWS JSR : भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी कहे जाने वाले वीर शहीद बाबा तिलका माझी की 275वीं जयंती मंगलवार को बाबा तिलका माझी (डिमना) चौक के पास मनाई गई। सर्वप्रथम बाबा की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर जनसभा भी हुई, जिसमें बाबा तिलका मांझी स्मारक समिति के सचिव मदन मोहन सोरेन, झामुमो के मानगो प्रखंड अध्यक्ष फतेहचांद टुडू, माझी बाबा रमेश मुर्मू व प्रह्लाद लोहरा ने अपने विचार साझा किए। मदन मोहन ने कहा कि यहां बाबा की आदमकद मूर्ति स्थापित की जाएगी। फतेहचंद टुडू ने कहा कि बाबा को अब तक इतिहास में उचित जगह नहीं मिला है। सभा का संचालन दीपक रंजीत ने किया, जबकि इस मौके पर राखाल सोरेन, छोटू सोरेन, सोनू सिंह, परमेश्वर दास, सुनील रजक, रंजीत दे, सनातन हांसदा, हैप्पी तंतुबाई, धानु टुडू,विकास गोप, विजय लेयांगी,चन्द्राई,सोरेन आदि भी उपस्थित थे।

डिमना चौक पर श्रद्धांजलि देते लोग ● फोटोन न्यूज

अंग्रेजों से लड़ने वाले पहले क्रांतिकारी थे बाबा : मंत्री

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम मांझी परगना महाल ने मंगलवार की दोपहर सिदो-कान्हू हुल्गारिया मैदान, कीतादीह, घाटशिला में बाबा तिलका मांझी की जयंती मनाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन उपस्थित थे। मंत्री ने प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वन अधिकार कानून एवं जल, जंगल, जमीन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाबा तिलका ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आदिवासी संघर्ष का नेतृत्व किया था। वे पहले ऐसे क्रांतिकारी थे, जिन्होंने 1784 में अंग्रेजों से लोहा लिया था। उनका बलिदान देश के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर माहाल के बहादुर सोरेन सहित पार्टी के कई वरीय नेता शामिल थे।

जब एलएंडटी लिख कर देगा, तभी शुरू हो सकेगा स्थानांतरण का काम

पानी नहीं उगल रही नए अस्पताल की बोरिंग, शिफ्टिंग रुकी

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने करीब पांच माह पहले किया था उद्घाटन, नहीं शुरू हो सका अस्पताल

MUJTABA RIZVI @ JSR : एमजीएम अस्पताल की डिमना स्थित नए भवन में शिफ्टिंग का काम एक बार फिर लटक गया है। कार्यकारी एजेंसी एलएंडटी ने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त पानी की आपूर्ति की गलत सूचना दे दी थी। इस वजह से एमजीएम अस्पताल की शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया गया था। मगर, आई एंड ईएनटी विभाग के ओपीडी की शिफ्टिंग के बाद पता चला कि अस्पताल में पर्याप्त पानी है ही नहीं।

यहां जो नई पांच बोरिंग हुई है वह अभी पानी नहीं दे पा रही है। इस वजह से शिफ्टिंग का काम बंद कर दिया गया है। अब निर्देश दिया है कि जब अस्पताल में पानी की व्यवस्था हो जाए तो ठेका कंपनी एलएंडटी, एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक को इस संबंध में लिख कर दे दे। इसी के बाद अस्पताल की शिफ्टिंग की जाएगी। नए अस्पताल में प्रतिदिन तकरीबन 3 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होगी।

कई विभागों को किया जाना है शिफ्ट

डिमना स्थित नए अस्पताल में पूरा एमजीएम अस्पताल शिफ्ट किया जाना है। इसमें इमरजेंसी के अलावा, बर्न वार्ड, मेडिसिन, गायनी विभाग आदि को शिफ्ट किया जाना है। यहां हार्ट, कैंसर व न्यूरो आदि विभाग भी संचालित किए जाने हैं।

पानी को लेकर एलएंडटी व पीएचईडी आमने-सामने

अस्पताल में पानी की व्यवस्था को लेकर कार्यकारी संस्था एलएंडटी और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग आमने-सामने हैं। एलएंडटी के अधिकारी का कहना है कि उसका काम अस्पताल की इमारत का निर्माण करना था। यहां पानी की व्यवस्था करना पीएचईडी यानी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का काम है। एलएंडटी के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने सरकार के कहने पर अपनी तरफ से यहां पांच बोरिंग कर दी है। अब बोरिंग से पानी निकालना और पाइपलाइन से इमारत की पाइप को जोड़ना पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का काम है। मगर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कहना है कि यहां पानी की व्यवस्था करना भी एलएंडटी का ही काम है। बताया जा रहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की लापरवाही से अस्पताल की शिफ्टिंग नहीं हो पा रही है।

शहर के इमरान वकील ने जेईई मेन में हासिल किया 99.80 पर्सेंटाइल

JAMSHEDPUR : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को जेईई मेन 2025 सेशन 1 का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें जुस्को स्कूल साउथ पार्क के 12वीं और नारायणा कोचिंग सेंटर साकची के छात्र इमरान वकील ने 99.80 पर्सेंटाइल लाकर अपने स्कूल और संस्थान का नाम रोशन किया है। इमरान वकील के पिता मीडिया जगत से जुड़े हुए हैं। उनकी मां गृहिणी हैं। इमरान वकील ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व बहन, स्कूल की प्रिंसिपल, सभी शिक्षकों एवं नारायणा कोचिंग सेंटर के सभी फैकल्टी मेंबर को दिया है। अपनी तैयारी के बारे में इमरान ने कहा कि रेगुलर क्लास और रणनीति के साथ प्रतिदिन 8 से 10 घंटे प्रैक्टिस किया। वहीं पिछले दो महीने से लगातार मॉक टेस्ट आत्मविश्वास को बढ़ाया है। इमरान का अगला लक्ष्य जेईई एडवांस्ड में बेहतर स्कोर कर टॉप 5 आईआईटी कॉलेज से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) में बीटेक करना है।

घाटशिला अनुमंडल में कम हुई महिलाओं की आबादी

अनुमंडल अस्पताल में लिंगानुपात पर चर्चा करते पदाधिकारी व अन्य

GHATSILA : अनुमंडल अस्पताल में मंगलवार को लिंगानुपात को लेकर बैठक हुई, जिसमें पंचायत प्रतिनिधि व पंचायतस्तरीय स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आरएन सोरेन ने बताया कि झारखंड सहित घाटशिला अनुमंडल में महिलाओं की आबादी पुरुषों से कम है। इसके लिए पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इसकी मुख्य वजह भ्रूण हत्या है। ऐसा करना कानूनी अपराध है। ऐसा न करें, वर्तमान समय में लड़का तथा लड़की में कोई फर्क नहीं है। आज लड़कियां भी पुरुषों से कम नहीं हैं। सभी क्षेत्र में काम कर रही है। बैठक में पावड़ा पंचायत की मुखिया पार्वती मुर्मू, धरमबाहाल पंचायत के मुखिया बनाओ मुर्मू, बीपीएम मयंक कुमार सहित अन्य शामिल थे।

कॅरियर गाइडेंस देश व दुनिया में आज हेल्थ सेक्टर का जितना विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आगे चलकर काबिल फिजियोथैरेपी की मांग और बढ़ेगी। फिजियोथैरेपी विज्ञान की ऐसी विधा है जिसके अंतर्गत शारीरिक व्यायाम के जरिए व्यक्ति के रोगों व व्याधियों का उपचार किया जाता है।

फिजियोथैरेपी
वक्त की मांग

फिजियोथैरेपिस्ट का काम रोगियों में किसी बीमारी, चोट, अक्षमता या बढ़ती उम्र की वजह से उपजी शारीरिक व्याधियों का उपचार करना है। आज लोग बीमारी के उपचार के लिए समग्र नजरिया अपनाने लगे हैं। इसकी वजह से दुनिया भर में फिजियोथैरेपिस्ट्स की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है।

काम का दायरा

फिजियोथैरेपिस्ट्स अस्पतालों, विकलांगों की लिए बने पुनर्वास केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए बने स्कूलों, स्वास्थ्य संगठनों के अलावा डिफेंस मेडिकल प्रतिष्ठानों और स्पोर्ट्स क्लबों में भी अपनी सेवाएं देते है। इंजुरी व फ्रैक्चर्स, जोड़ों के दर्द, खिंचाव, मोच, स्ट्रोक्स के उपचार में काबिल फिजियोथैरेपिस्ट की सेवाएं कारगर साबित होती हैं।

बढ़ती मांग

आज जिस तरह के अत्याधुनिक अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र व क्लीनिक्स खुल रहे हैं और हेल्थ सेक्टर का विस्तार हो रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि फिजियोथैरेपिस्ट की मांग आगे चलकर और बढ़ेगा। कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुद को फिट रखने व फिटनेस संबंधी सुझाव लेने के लिए फुलटाइम पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की सेवाएं लेते हैं। विदेशों में और खासकर अमेरिका कनाडा व आस्ट्रेलिया जैसे देशों में पर्सनल फिजियोथैरेपिस्ट्स की जबदस्त मांग है।

योग्यता

फिजियोथैरेपी में कोई डिग्री अथवा डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए अभ्यर्थी को फिजिक्स, केमिस्ट्री या बायोलॉजी के साथ 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। अस्पताल व क्लीनिक्स अमूमन ऐसे लोगों को रोजगार देते हैं, जिनके पास फिजियोथैरेपी में बैचलर डिग्री (बीपीटी) हो। बीपीटी करने के बाद छात्र यदि चाहें तो अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। फिजियोथैरेपी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने से लेकर दो साल तक हो सकती है। डिग्री स्तर अवधि

तीन से चार साल तक होती है। प्रतिष्ठित संस्थान कॉमन टेस्ट सीईटी के जरिए बीपीटी में छात्रों की दाखिला देते है।

व्यक्तिगत योग्यता

फिजियोथैरेपिस्ट्स बनने के चाह रखने वाले अभ्यर्थियों में लंबे समय तक खड़े रहकर काम करने की क्षमता होनी चाहिए। काबिल फिजियोथैरेपिस्ट वहीं है जो मरीज की जरूरत को अच्छी तरह समझ सके, उसके प्रति संवेदनशील रवैया अपनाए। सफल फिजियोथैरेपिस्ट बनने के लिए व्यक्ति में इन खूबियों के अलावा मानवीय संरचना का सम्पूर्ण ज्ञान होना भी अति आवश्यक है।

पारिश्रमिक

इस क्षेत्र से जुड़े कोई फ्रेश ग्रेजुएट किसी हॉस्पिटल या क्लीनिक में ट्रेनी फिजियोथैरपिस्ट के तौर पर 8,000 से 12,000 रूपए वेतन पाने की उम्मीद कर सकता है। हालांकि प्रतिष्ठित अस्पतालों में आपको और भी अच्छा वेतन मिल सकता है। अनुभव हासिल करने के बाद आपके वेतन में खासा इजाफा हो सकता है। अनुभवी फिजियोथैरपिस्ट चाहे तो निजी क्लीनिक खोल कमाई कर सकते हैं।

डायटीशियन
कॅरियर का बेहतर विकल्प

आहार जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। हम जो आहार लेते है उसका शरीर में पाचन किया जाता है। प्रकृति ने विभिन्न खाद्य-पदार्थों को भोजन का रूप दिया है जिसे कच्चा या पका कर हम उपयोग करते हैं ऐसे पदार्थ हमारे पाचक अंगों द्वारा पचा लिए जाते हैं, जिनसे ऊतकों का निर्माण एवं पोषण होता है। चलने, फिरने दौडने या अन्य शारीरिक कार्य करते रहने से शरीर के भीतर के ऊतक टूटते-फूटते एवं घिसते रहते है। भोजन द्वारा हमारे शरीर की संरचना तथा मरम्मत के लिए विभिन्न पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिनसे हमें शक्ति मिलती हैऔर हमारे शीरीरिक के विभिन्न अंग अपना कार्य सुचारू रूप से करते रहते हैं।सन्तुलित आहार और सही आहार हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है लिहाजा हमारी शारीरिक जरूरतों के अनुसार कितने पोषक तत्वों की जरूरत होती हैं और कौन से खाद्य-पदार्थ से सेहत को नुकसान पंहुच सकते है, इसका जवाब डायटीशियन ही बता सकता है। जीवनशैली में आ रहे बदलावों और उसके दुष्णपरिणाम के चलते डायटीशियन एक बेहतर केरियर ऑप्शन के रूप में उभरा है। यह कोर्स अपनाकर आप अपना ही नहीं दूसरो की सेहत का भी ख्याल रख सकते है। एक डायटीशियन के रूप में आप नवजात शिशु से लेकर बुजुर्ग, बीमार, अभिनेताओं और खिलाडियों तक की डाइट का चार्ट बना सकते हैं। डायटीशियन लोगों को सलाह देता है, कि उसे स्वस्थ रहने के लिए किस तरह का भोजन करना चाहिए। डायटीशियन का कार्य जितना आसान दिखाई देता है वास्तव में वह उतना आसान नहीं हैं, क्योंकि रोगियों के लिए व्यक्तिगत आहार योजना बनाते हुए विभिन्न क्लीनिकल घटकों को ध्यान में रखना होता है। साथ ही रोगियों की जीवनशैली, खान-पान की आदतों पर भी विचार करना होता है ।पोरेट स्तर पर डायटीशियन की मांग बढ रही है और पांच सितारा होटलों में भी डायटीशियनों की सेवाएं ली जा रहीं हैं।

कराटे- दुश्मन को बिना किसी हथियार से हराने की तकनीक

कराटे निहत्थे लडने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है। जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित्त भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है।

कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं। इन सभी भागों को कड़ी मेहनत और प्रैक्टिस से कठोर बनाया जाता है। एक कराटे एक्सपर्ट कई इंच मोटी लकड़ी को अपने हाथ या पैर से तोड़ सकता है। सही टाइमिंग, कुशलता तथा जज्बा तो इसके लिए जरूरी है ही साथ ही जरूरी होती है शारीरिक कठोरता।

कराटे के खेल में वार को शरीर के संपर्क में आने से एक इंच पहले ही रोक लिया जाता है। कराटे में मैच सिर्फ 3 मिनट के होते हैं। एक खेल के तौर पर इसमें कुशलता का स्तर परखने के लिए दोनों में नकली लड़ाई और औपचारिक परीक्षण दोनों का आयोजन किया जाता है। यदि प्रतियोगी अच्छे से वार न कर पाए तो जज अपना फैसला मूवमैंट्स और डिफेंस तकनीक के आधार पर सुना सकते हैं।जजों द्वारा खिलाडियों के प्रदर्शन को वैसे ही रेटिंग दी जाती है, जैसे जिम्नास्टिक में होता है। कराटे एशिया में विकसित हुआ जिसे कई शताब्दियां लग गईं और 17वीं शताब्दी के दशक में जाकर यह कला के रूप में व्यवस्थित होने लगा। 1920 के दशक में यह जापान में बहुत प्रसिद्ध हुआ। आज पूरे विश्व में कई स्कूल कराटे की ट्रेनिंग देते हैं। 1970 में कराटे वर्ल्ड चैम्पियनशिप टाइटल की स्थापना की गई थी।

प्राचीन चीन से शुरू और जापान में प्रसिद्ध हुआ युद्ध कौशल (मार्शल आर्ट) कराटे आज पूरे विश्व में अत्यधिक लोकप्रिय है। कराटे खेल भी, कला भी कराटे निहत्थे लडने की एक मार्शल आर्ट है। यह एक प्रकार की कला है जिसमें हाथों तथा पैरों से वार करना तथा दुश्मन के वार को रोकना शामिल होता है।

जिस व्यक्ति को कराटे की तकनीक पता हो वह अपने दुश्मन को बिना किसी हथियार के हरा सकता है। एक कराटे एक्सपर्ट सामने वाले को एक ही वार में चित्त भी कर सकता है। जहां जूडो आत्मरक्षा के लिए इस्तेमाल की जाती है वहीं कराटे में दुश्मन पर वार भी किया जा सकता है। कराटे में शारीरिक संपर्क बहुत सीमित रखा जाता है और चोट से बचने के लिए वार को नियंत्रित रखा जाता है। कराटे एक जापानी शब्द है जिसका अर्थ है 'खाली हाथ'। कराटे में शरीर की ताकत स्ट्राइकिंग प्वाइंट पर केंद्रित की जाती है। स्ट्राइकिंग प्वाइंट में हाथ, पैर का अलग भाग, एड़ी, बाजू, घुटना तथा कोहनी शामिल होते हैं।

स्वरोजगार

कागज़ उद्योग

देश में सामाजिक-आर्थिक विकास की दृष्टि से कागज़ उद्योग देश का सबसे पुराना और अति महत्वपूर्ण उद्योग है। इस उद्योग का अनुमानित आकार 25000 करोड़ रुंपये (5.95 बिलियन डॉलर) है। विश्व के कागज और कागज बोर्ड उत्पाद में इसका हिस्सा लगभग 1.6 प्रतिशत है। इस उद्योग से 1.20 लाख लागों को प्रत्यक्ष रूप से और 3.40 लाख लोगों को परेक्ष रूप से रोजगार मिला हे। अधिकतर पेपर मिल पिछले लम्बे अर्से से कार्य कर रहे हैं और इस प्रकार वर्तमान समय में इनमें पुरानी से लेकर अति आधुनिक तकनीक वाली दोनों प्रकार की प्रौद्योगिकियाँ इस्तेमाल हो रही हैं।

पिछले पाँच वर्षों से कागज़ की खपत लगभग 6 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ रही है। कागज़ उद्योग को कागज के उत्पादन की किस्म के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है; जैसे क्रीमवोव, मैपलिथो, कोपलर, कोटेड पेपर, इंडिस्ट्रयल पेपर और स्पेस्लिटी पेपर। इंडिस्ट्रयल पेपर अधिक मात्रा में इस्तेमाल होता है, जो कि कुल खपत का लगभग 60 प्रतिशत है। अभी तक कागज उद्योग की वृद्धि सकल घरेलू उत्पाद में हुई वृद्धि के बराबर रही है और पिछले कुछ वर्षों के दौरान इसमें औसतन 6-7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्तर पर भारत में कागज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है ओर यह उत्सावर्धक स्थिति को दर्शाता है। आर्थिक संवृद्धि के साथ कागज की खपत में भी अत्याधिक उछाल आने की संभावनाएँ हैं और यह 2015-16 तक 13.95 मिलियन टन तक पहुँच सकता है। भावी अनुमान यह हे कि कागज की खपत में सकल घरेलू उत्पाद के गुणांकों में वृद्धि होगी और इस प्रकार प्रति व्यक्ति 1 किलाग्राम खपत की वृद्धि से उसकी मांग में 1 मिलियन टन की वृद्धि होगी। उद्योग के अनुमानानुसार वर्ष 2012-13 तक कागज़ उत्पादन 8.4 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ा है, जबकि कागज की खपत 9 प्रतिशत संचयी वार्षिक वृद्धि दर(सीएजीआर) से बढ़ी है। कम खर्च व लागत में कागज उद्योग स्वरोजगार का बेहतर जरिया बन सकता है।

पैरा-मैडीकल कोर्सेज
में संवारें कॅरिअर

यदि आपकी बारहवीं परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नहीं हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।

मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजैक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है।

इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी , एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑप्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एवं ऑथोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरिपी एंड ऑकुपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज़) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी., एम.एससी., बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

संस्थान

- पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल एजुकेशन एंड रिसर्च, सैक्टर-11,चंडीगढ़-1600012
- पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडीकल साइंसेज, रोहतक-124001, हरियाणा।
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110007

राजनीति में युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता

डॉ. सत्यवान सौरभ

अगर राजनीतिक दल युवाओं को राजनीति में शामिल करने के बारे में गंभीर हैं तो उन्हें कई तरह के कदम उठाने होंगे। पहला कदम सरकार द्वारा युवा मानदंड में बदलाव करना होगा। आज 34-35 वर्ष की आयु के लोगों को भी युवा माना जाता है। इस मानदंड को कम करने की आवश्यकता होगी। अपने संगठनात्मक ढांचे में, पार्टियों को युवाओं के लिए अधिक जगह बनाने की आवश्यकता होगी। आमतौर पर यह देखा गया है कि वयस्कता के करीब पहुंचने वाले नेता प्रमुख राजनीतिक दलों की युवा इकाइयों की बागडोर भी संभालते हैं। अपने छात्र संगठनों के लिए, राजनीतिक दलों को अधिकतम आयु प्रतिबंध भी स्थापित करने की आवश्यकता होगी। बेहतर होगा कि तीस वर्ष से अधिक आयु वालों को इससे बाहर रखा जाए।

राजनीति में युवाओं की भागीदारी न केवल एक लक्ष्य है, बल्कि यह समावेशी और प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक शर्त भी है। हालाँकि, बहुत कम युवा लोग राजनीति में भाग लेना जारी रखते हैं और उनकी आवाज को अक्सर स्थापित सत्ता संरचनाओं द्वारा दबा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में बिना राजनीतिक अनुभव वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित करने का प्रस्ताव विकेंद्रीकरण, समावेशिता और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है। ज्ञान के भंडार वाले अनुभवी नेताओं ने पारंपरिक रूप से भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान रखा है। वे अक्सर पारंपरिक ढाँचों के भीतर काम करते हैं, जो समकालीन मुद्दों को संभालने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि उनका ज्ञान अमूल्य है। युवा नेता रचनात्मक समाधान, तकनीकी जानकारी और समकालीन शासन मॉडल का योगदान देकर गतिशील और डेटा-संचालित नीति निर्माण की सुविधा प्रदान करते हैं।

एक स्थायी भविष्य की गारंटी के लिए, युवा नेता हरित कानूनों, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को बढ़ावा दे सकते हैं। युवा-संचालित शासन में उद्यमिता, कौशल विकास और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा को प्राथमिकता देकर बेरोजगारी और अल्परोजगार को सम्बोधित करने की क्षमता है। युवाओं की भागीदारी के माध्यम से, भारत पारदर्शी और प्रभावी शासन प्राप्त करने के लिए ब्लॉकचेन, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बेहतर उपयोग कर सकता है। नागरिक भागीदारी के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म का उपयोग करके, युवा लोग जवाबदेही में सुधार कर सकते हैं, लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्जीवित कर सकते हैं और राजनीतिक भ्रष्टाचार को कम कर सकते हैं। युवा जो राजनीतिक रूप से जागरूक और सक्रिय हैं, वे गारंटी देते हैं कि लोकतंत्र जीवित रहेगा और लोगों की मांगों के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

भारतीय राजनीति में पारंपरिक रूप से वंशवादी परिवारों का वर्चस्व रहा है, जिससे योग्यता-आधारित और जमीनी स्तर

के नेतृत्व के लिए बहुत कम जगह बची है। परिवार या पैसे के समर्थन के बिना, कई युवा उम्मीदवारों को राजनीतिक मंच प्राप्त करना मुश्किल लगता है। युवाओं में अक्सर राजनीतिक प्रशासन, नीति विश्लेषण और शासन में औपचारिक प्रशिक्षण की कमी होती है, भले ही उनमें उच्च स्तर का उत्साह हो। वर्तमान राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली सलाह की कमी युवा नेताओं को खुद की रक्षा करने के लिए मजबूर करती है। चूँकि कार्यालय चलाने के लिए महत्त्वपूर्ण वित्तीय निवेश की आवश्यकता होती है, इसलिए पहली पीढ़ी के राजनेताओं के लिए अधिक अनुभवी नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण होता है। राजनीति के अपराधीकरण के साथ-साथ पैसा और शारीरिक शक्ति अक्सर शिक्षित युवाओं को सार्वजनिक सेवा में करियर बनाने से रोकती है। प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए, कई राजनीतिक दल युवा नेताओं को निर्णय लेने की शक्ति दिए बिना शामिल करते हैं। इस सतही समावेशन के परिणामस्वरूप युवा राजनेताओं को शासन संरचनाओं में अधिक प्रभाव या परिवर्तन नहीं दिया जाता है।

युवा नेताओं द्वारा समान आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का समर्थन करने वाली नीतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बेरोजगारी, जातिगत भेदभाव और लैंगिक समानता जैसे सामाजिक मुद्दों के लिए प्रगतिशील नीतियों और जमीनी स्तर पर भागीदारी की आवश्यकता होती है। संधारणीय कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा पहल और पर्यावरण के अनुकूल शहरी नियोजन सभी को युवा नेतृत्व द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है। ग्रीन इंडिया और क्लीन इंडिया (स्वच्छ भारत) जैसी पहलों के लिए अधिक मजबूत युवा-संचालित कार्यान्वयन योजनाओं की आवश्यकता होती है। आने वाली पीढ़ी को उन्नत कौशल प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का विस्तार करना आवश्यक है। दुनिया में भारत का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में इसके निवेश पर बहुत अधिक निर्भर करेगा। लोकतंत्र के पतन को रोकने के लिए, युवा सक्रियता और नागरिक जुड़ाव को खुले, जवाबदेह और लोगों पर केंद्रित शासन की गारंटी देनी चाहिए। सहभागी शासन मॉडल और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को मजबूत करके लोकतंत्र को गहरा किया जा सकता है।

राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों का चयन उनकी दूरदर्शिता, योग्यता और नेतृत्व की क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए, जिसमें पक्षपात पर योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। युवा नेताओं को उनके पारिवारिक सम्बंधों के बजाय उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करना आवश्यक है। मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करके शासन, नीति निर्माण और विधायी प्रक्रियाओं में युवा राजनेताओं को औपचारिक रूप से सलाह दें। युवाओं को प्रशासन और कानून की व्यावहारिक समझ देने के लिए, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थान 'राजनीतिक नेतृत्व और शासन' पाठ्यक्रम प्रदान कर सकते हैं। युवाओं को वित्तीय बाधाओं का सामना किए बिना कार्यालय चलाने में सक्षम बनाकर, चुनावों के लिए राज्य वित्त पोषण खेल के मैदान को समतल करने में मदद कर सकता है। भ्रष्टाचार से मुक्त और निष्पक्ष वातावरण स्थापित करने के लिए राजनीतिक अपराधीकरण के खिलाफ सख्त कानून लागू करना आवश्यक है। युवा राजनेताओं की क्षमता बढ़ाने और मतदाताओं को शिक्षित करने के कार्यक्रमों को नागरिक समाज संगठनों द्वारा सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। शासन में सफल होने वाले युवाओं की कहानियों को अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मीडिया में दिखाया जाना चाहिए। युवाओं की भागीदारी को संस्थागत बनाने के लिए, राजनीतिक दलों और शासन संरचनाओं को युवा प्रतिनिधित्व के लिए न्यूनतम कोटा लागू करना चाहिए। सलाहकार परिषदों, युवा संसदों और मंत्रालय इंटर्नशिप जैसे नेतृत्व के अवसरों को बढ़ाया जाना चाहिए। आज लिए गए निर्णय आने वाले दशकों में भारत के मार्ग को प्रभावित करेंगे क्योंकि देश अपने इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। स्वामी विवेकानंद की सलाह 'उठो, जागो और आगे बढ़ो' आज भी लागू है।

संपादकीय

मणिपुर : इस्तीफे की घुट्टी

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से भेंट करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह 2017 में पहली दफा मणिपुर के मुख्यमंत्री बने थे।उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का राज्य में यह दूसरा कार्यकाल था, परंतु राज्य में हो रही हिंसा पर नियंत्रण रखने में नाकामयाब रहने के आरोप लग रहे थे। इसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट द्वारा जातीय हिंसा में सिंह की भूमिका को लेकर आरोप लगाने वाली लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रमाणिकता को लेकर सील बंद फोरेंसिक रिपोर्ट मांगने के बाद ताजा विवाद शुरू हो गया। इतना ही नहीं, विपक्षी दल कांग्रेस विधानसभा सत्र के दौरान सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार थी। बीते दो वर्षों से राज्य में मैतई समुदाय व कुकी जनजातियों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष से निपटने में सिंह असफल ही नहीं रहे। बल्कि उन पर मैतई विद्रोहियों के समर्थन का भी आरोप है। उनके दल के ही कुछ विधायकों के मुख्यमंत्री से खासा नाराज होने और विपक्ष के संपर्क में होने की चर्चा भी जोरों से है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व को आनन-फानन यह निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा। नाराज धड़ा यदि टूटकर विपक्ष के पाले में जा मिलता तो सरकार पर संकट आना लाजमी था। जो मोदी सरकार की फजीहत करने वाला साबित होता। इधर दिल्ली सरकार में पताका फहराने का जोश मन्दा भी नहीं पड़ा था कि हिंसा से झुलस रहे मणिपुर की सत्ता पर संकट गहराता भांपते ही स्थिर पर काबू करने के लिहाज से इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी गई। मणिपुर के अकेले चर्चित फुटबॉल खिलाड़ी रहे बीरेन पत्रकारिता में भी हाथ अजमा चुके हैं। खिलाड़ी और संपादक रहने के नाते उन्हें दांवपेंच का महारथी माना जाता रहा है। कुछ ही दिन पहले उनका कथित इस्तीफा भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसे फटा हुआ बताकर शरारत साबित करने की कोशिशें की गई थीं। सबसे लंबे समय तक वहां के मुख्यमंत्री रहे ओकराम इबोबी के सबसे करीबी रहने और उनसे राजनीतिक दांव-पेच सीखने वाले सिंह ने न सिर्फ उनसे बगावत की बल्कि पलटवार करते हुए सत्ता भी हासिल की। आशंका की जा सकती है कि सिंह अपने तेवर फिर दिखाने से चूकेंगे नहीं और सियासी घमासान में पुराना पैंतरा आजमाने से हिचक नहीं सकते। राज्य में शांति बहाली की प्राथमिकता को स्वीकारते हुए केंद्र को भीतरघात के प्रति चौकन्ना रहने के प्रति खास तवज्जो देनी होगी।

चिंतन-मनन

दुखी चित्त के लक्षण हैं उत्सव

दुनिया में दो ही तरह के लोग हैं- एक वे जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं, और एक वे जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। भौतिकवादी और आध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। आध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। क्योंकि उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करने वाला भी न बचा, पुराने को देखने वाला भी न बचा, हर चीज नई हो जाएगी। और भौतिकवादी कहता है कि चीजें नई करो, क्योंकि स्वयं के नए होने का तो कोई उपाय नहीं है। नया मकान बनाओ, नई सड़कें लाओ, नए कारखाने, नई सारी व्यवस्था करो। उत्सव हमारे दुखी चित्त के लक्षण हैं। चित्त दुखी है वर्ष भर, एकाध दिन हम उत्सव मना कर खुश हो लेते हैं। वह खुशी बिल्कुल थोपी गई होती है।

क्योंकि कोई दिन किसी को कैसे खुश कर सकता है? दिन! अगर कल आप उदास थे और कल मैं उदास था, तो आज दिवाली हो जाए तो मैं खुश कैसे हो जाऊंगा? हां, खुशी का भ्रम पैदा करुंगा। दीये, पटाके, फुलझड़ियां और रोशनी धोखा पैदा करेंगी कि आदमी खुश हो गया। लेकिन ध्यान रहे, जब तक दुनिया में दुखी आदमी हैं, तभी तक दिवाली है। जिस दिन दुनिया में खुश लोग होंगे उस दिन दिवाली नहीं बचेगी, क्योंकि रोज ही दिवाली जैसा जीवन होगा। जब तक दुनिया में दुखी लोग हैं तब तक मनोरंजन के साधन हैं। जिस दिन आदमी आनंदित होगा उस दिन मनोरंजन के साधन एकदम विलीन हो जाएंगे। कभी यह सोचा न होगा कि अपने को मनोरंजित करने वही आदमी जाता है जो दुखी है। इसलिए दुनिया जितनी दुखी होती जाती है उतने मनोरंजन के साधन हमें खोजने पड़ रहे हैं। चौबीस घंटे मनोरंजन चाहिए, क्योंकि आदमी दुखी होता चला जा रहा है।

हम समझते है कि जो आदमी मनोरंजन की तलाश करता है, बड़ा प्रफुल्ल आदमी है। ऐसी भूल में मत पड़ जाना। सिर्फ दुखी आदमी मनोरंजन की खोज करता है। और सिर्फ दुखी आदमी ने उत्सव ईजाद किए हैं। पुराने पड़ गए चित्त में, जिसमें धूल ही धूल जम गई है; वह नए दिन, नया साल, इन सबको ईजाद करता है। और धोखा पैदा करता है थोड़ी देर। कितनी देर नया टिकता है? कल फिर पुराना दिन शुरू हो जाएगा। लेकिन एक दिन के लिए हम अपने को झटका देकर जैसे झाड़ देना चाहते हैं सारी राख को, सारी धूल को। उससे कुछ होने वाला नहीं है।

संत रविदास जयंती : मानवतावादी संत थे संत रविदास

योगेश कुमार गोयल

समस्त भारतीय समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और भाईचारे की सीख देने वाले 15वीं सदी के महान समाज सुधारक संत रविदास का जन्म वाराणसी के गोवर्धनपुर गांव में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के ही दिन उनकी जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को है, इसीलिए इसी दिन संत रविदास जयंती मनाई जा रही है। महान संत, समाज सुधारक, साधक और कवि रविदास ने जीवन पर्यन्त छुआछूत जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराईयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य करते रहे। उनका जन्म ऐसे विकट समय में हुआ था, जब समाज में घोर अंधविश्वास, कुप्रथाओं, अन्याय और अत्याचार का बोलबाला था, धार्मिक कट्टपंथता चरम पर थी, मानवता कराह रही थी। उस जमाने में मध्यमवर्गीय समाज के लोग कथित निम्न जातियों के लोगों का शोषण किया करते थे। ऐसे विकट समय में समाज सुधार की बात करना तो दूर की बात, उसके बारे में सोचना भी मुश्किल था लेकिन जूते बनाने का कार्य करने वाले संत रविदास ने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने के लिए समाधि, ध्यान और योग के मार्ग को अपनाते हुए असीम ज्ञान प्राप्त किया और अपने इसी ज्ञान के जरिये पीड़ित समाज एवं दीन-दुखियों की सेवा कार्य में जुट गए। उन्होंने अपनी सिद्धियों के जरिये समाज में व्याप्त आडम्बरों, अज्ञानता, झूठ, मक्कारी और अधार्मिकता का भंडाफोड़ करते हुए समाज को जागृत करने और नई दिशा देने का प्रयास किया।

संत रविदास को 'रैदास' के नाम से भी जाना जाता है। वे गंगा मैया के अनन्य भक्त थे। संत रविदास को लेकर 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहावत बहुत प्रचलित है। इस कहावत का संबंध संत रविदास की महिमा को परिलक्षित करता है। वे जूते बनाने का कार्य किया करते थे और इस कार्य से उन्हें जो भी कमाई होती, उससे वे संतों की सेवा किया करते और उसके बाद जो कुछ बचता, उसी से परिवार का निर्वाह करते थे। एक दिन रविदास जूते बनाने में व्यस्त थे कि तभी उनके पास एक ब्राह्मण आया और उनसे कहा कि मेरे जूते टूट गए हैं, इन्हें ठीक कर दो। रविदास उनके जूते ठीक करने लगे और उसी दौरान उन्होंने ब्राह्मण से पूछ लिया कि वे कहां जा रहे हैं? ब्राह्मण ने जवाब दिया, 'मैं गंगा स्नान करने जा रहा हूं पर चमड़े का काम करने वाले तुम क्या जानो कि इससे कितना पुण्य मिलता है!' इस पर रविदास जी ने कहा कि आप सही कह रहे हैं ब्राह्मण देवता, हम नीच और मलिन लोगों के गंगा स्नान करने से गंगा अपवित्र हो जाएगी। जूते ठीक होने के बाद ब्राह्मण ने उसके बदले उन्हें एक कौड़ी मूल्य देने का प्रयास किया तो संत रविदास ने कहा कि इस कौड़ी को आप मेरी ओर से गंगा मैया को 'रविदास की भेंट' कहकर अर्पित कर देना।

ब्राह्मण गंगाजी पहुंचा और स्नान करने के पश्चात जैसे ही उसने रविदास द्वारा दी गई मुद्रा यह कहते हुए गंगा में अर्पित करने का प्रयास किया कि गंगा मैया रविदास की यह भेंट स्वीकार करो, तभी जल में से स्वयं गंगा मैया ने अपना हाथ निकालकर ब्राह्मण से वह मुद्रा ले ली और मुद्रा के बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन देते हुए वह कंगन रविदास को देने का कहा। सोने का रत्न जड़ित अत्यंत सुंदर कंगन देखकर ब्राह्मण के मन में लालच आ गया और उसने विचार किया कि घर पहुंचकर वह यह कंगन अपनी पत्नी को देगा, जिसे पाकर वह बेहद खुश हो जाएगी। पत्नी ने जब वह कंगन देखा तो उसने सुझाव दिया कि क्यों न रत्न जड़ित यह कंगन राजा को भेंट कर दिया जाए, जिसके बदले वे प्रसन्न होकर हमें मालामाल कर देंगे। पत्नी की बात सुनकर ब्राह्मण राजदरबार पहुंचा और कंगन राजा को भेंट किया तो राजा ने ढ़ेर सारी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी। राजा ने प्रेमपूर्वक वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में पहनाया तो महारानी इतना सुंदर कंगन पाकर इतनी खुश हुई कि उसने राजा से दूसरे हाथ के लिए भी वैसे ही कंगन की मांग की।

राजा ने अगले ही दिन ब्राह्मण को दरबार बुलाया और उसे वैसा ही एक और कंगन लाने का आदेश देते हुए कहा कि अगर उसने तीन दिन में कंगन लाकर नहीं दिया तो वह दंड का पात्र बनेगा। राजाज्ञा सुनकर बेचारे ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह गहरी सोच में डूब गया कि आखिर दूसरा कंगन वो कहां से लाएगा? उसे जब और कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसने निश्चय किया कि वह संत रविदास के पास जाकर उन्हें सारे वाकये की जानकारी देगा कि कैसे गंगा मैया ने स्वयं यह कंगन उसे उन्हें देने के लिए दिया था, जो उसने लोभवश अपने पास रख लिया। अंततः यही सोचकर वह रविदास जी की कुटिया में जा पहुंचा। रविदास उस समय प्रभु का स्मरण कर रहे थे। ब्राह्मण ने जब उन्हें सारे वृत्तांत की विस्तृत जानकारी दी तो रविदास जी ने उनसे नाराज हुए बगैर कहा कि तुमने मन के लालच के कारण कंगन अपने पास रख लिया, इसका पछतावा मत करो। रही बात राजा को देने के लिए दूसरे कंगन की तो तुम उसकी चिंता भी मत करो, गंगा मैया तुम्हारे मान-सम्मान की रक्षा करेंगी। यह कहते हुए उन्होंने अपनी वह कठौती (चमड़ा भिगोने के लिए पानी से भरा पात्र) उठाई, जिसमें पानी भरा हुआ था और जैसे ही गंगा मैया का आव्हान करते हुए अपनी कठौती से जल छिड़का, गंगा मैया वहां प्रकट हुई और रविदास जी के आग्रह पर उन्होंने रत्न जड़ित एक और कंगन उस ब्राह्मण को दे दिया। इस प्रकार खुश होकर ब्राह्मण राजा को कंगन भेंट करने चला गया और रविदास जी ने उसे अपने बड़प्पन का जरा भी अहसास नहीं होने दिया। ऐसे थे महान संत रविदास जी, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं।

(लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

चीन : ऐसे किया जाता है विकास

विनीत नारायण

हमारे पड़ोसी देश चीन ने पिछले सप्ताह एक बार फिर से सुर्खियां बनाई। इस बार भारत में घुसपैठ नहीं बल्कि भारत और दुनिया भर के लिए एक उदाहरण बना। चीन ने अपने नवाचार द्वारा एक रेगिस्तान को न सिर्फ रोका बल्कि उसे हरा-भरा भी कर दिया। चीन का यह विकास कार्य आज काफी चर्चा में है। 'मौत का सागर' के रूप में जाने जाना वाला तकलामाकन रेगिस्तान 337,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका आकार लगभग पश्चिमी देश जर्मनी के बराबर का क्षेत्र है। इसके विशाल रेत के टीलों और बार-बार आने वाले रेतीले तूफानों ने लंबे समय तक मौसम के पैटर्न को बाधित किया है। कृषि को खतरे में डाला है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। जवाब में चीन ने एक व्यापक हरित अवरोध लागू किया है, जिसे रेगिस्तान के किनारों को लॉक करने और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल रेलवे और राजमागरे जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की है, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया है कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां मरुस्थलीकरण का प्रतिकार कैसे कर सकती हैं।

सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पण्रालियों को एकीकृत करके, चीन पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरणों में से एक में वनस्पति को बनाए रखने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर रहा है।

तकलामाकन रेगिस्तान के इस व्यापक पहल पर चार दशकों से काम चलाया गया। ग्रीनबेल्ट का पहला 2,761 किलोमीटर का काम कई वर्षों में पूरा हुआ, अंतिम चरण नवम्बर 2022 में शुरू हुआ, जिसमें रेगिस्तानी चिनार, लाल विलो और सैक्सौल पेड़ों जैसी लचीली, रेगिस्तान-अनुकूल प्रजातियों को रोपने के लिए 600,000 श्रमिकों को एक साथ लाया गया-जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित रहने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये पौधे कई उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं: वे खिसकती रेत को सहारा देते हैं, रेगिस्तान के विस्तार को धीमा करते हैं और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। यह परियोजना इतिहास में सबसे महत्त्वाकांक्षी पुनर्वनीकरण प्रयासों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया भर में भूमि क्षरण से निपटने के लिए एक नई मिसाल कायम करती है।

उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट का प्राथमिक लक्ष्य मरुस्थलीकरण को रोकना है, यह परियोजना दीर्घकालिक आर्थिक अवसर भी पैदा कर रही है। कुछ नये लगाए गए पेड़, जैसे कि रेगिस्तानी जलकुंभी में औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से हर्बल चिकित्सा के लिए आकषर्क बाजार खोलते हैं। इसके अलावा, 2022 में, चीन ने हॉटन-रुओकियांग रेलवे का उद्घाटन किया, जो रेगिस्तान के चारों ओर दुनिया की पहली पूरी तरह से घिरी हुई रेलवे थी। 2,712 किलोमीटर लंबा रेलवे रेगिस्तानी शहरों को जोड़ता है, जिससे अखरोट और लाल खजूर जैसे स्थानीय कृषि उत्पादों को पूरे चीन के बाजारों तक पहुंचाना आसान हो जाता है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और विकास को और बढ़ावा मिलता है। खबरों के मुताबिक चीन पुनर्वनरोपण पर रोक नहीं लगा रहा है बल्कि तकलामाकन रेगिस्तान में एक विशाल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना भी चल रही है।

चाइना श्री गोरजेस कॉर्पोरेशन 8.5 गीगावाट सौर ऊर्जा और 4 गीगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने की योजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके अगले चार वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। रेगिस्तान की बहाली को टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़कर, चीन उस चीज को हरित विकास के अवसर में बदल रहा है जो कभी एक पारिस्थितिक चुनौती थी। गौरतलब है कि तकलामाकन ग्रीनबेल्ट की सफलता मरु स्थलीकरण और भूमि क्षरण से निपटने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है। इसी तरह की बड़े पैमाने की परियोजनाएं, जैसे कि अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल, का उद्देश्य पूरे महाद्वीप में 8,000 किलोमीटर लंबे वृक्ष अवरोधक लगाकर सहारा रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है।

तकलामाकन रेगिस्तान का विकास कार्य समान पारिस्थितिक खतरों का सामना करने वाले अन्य देशों के लिए एक खाका के रूप में भी कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि नवीन पर्यावरणीय समाधानों के प्रति चीन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हरित प्रौद्योगिकियों और बड़े पैमाने पर पुनर्वनीकरण का लाभ उठाकर, राष्ट्र ने न केवल अपने स्वयं के

बुनियादी ढांचे और कृषि को सुरक्षित किया है, बल्कि भविष्य की वैश्विक रेगिस्तान बहाली परियोजनाओं के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। भारत सहित सभी विकासशील देशों को चीन से सबक लेते हुए यह सीखना चाहिए कि विषम परिस्थितियों में भी विकास कार्य किए जा सकते हैं। ओछी राजनीति करने से किसी का भी लाभ नहीं होता। यदि केंद्र में और राज्य में दो अलग दलों की सरकार भी हो तो विकास कार्य पर किसी भी तरह की रोक लगाना आम जनता के साथ धोखा है। इसलिए यदि सही सोच वाला नेतृत्व सही योजनाओं को स्वीकृति करे तो ऐसे भ्रष्टाचार से बचा जा सकता है और ताकलामाकन रेगिस्तान जैसे कई विकास कार्य दोहराया जा सकते हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

US order on workforce diversity will hit Indians

Within hours of taking office as the 47th President of the United States, Donald Trump ended reservation of jobs in the US government. It took only a moment for him to take this huge step with the flourish of his calligraphic signature.

Without further ado, many US private companies hastened to follow suit. Thus ended a journey for America's diverse society that began with John F Kennedy and was extended by almost every subsequent US president.Job reservations and priority in admissions to educational institutions have been a raging issue in India for a long time. Concerns that such reservations may be terminated or reduced for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other backward classes even influenced the outcome of the Lok Sabha elections last year. Yet, this history-making decision in the world's oldest democracy has not produced even a whimper in India.Americans are very good at giving names for programmes which make them sound far nobler than what they are. So, during the Camelot-era grandeur of Kennedy's presidency, an effort to end discrimination against weaker sections of society in employment came to be officially known as "affirmative action." Kennedy's initiative, which Trump effectively reversed on January 20, was announced by him six weeks after being sworn in as President in 1961. Like Trump, Kennedy also did it through an executive order. Affirmative action was rechristened as "diversity and inclusion" by President Barack Obama formally in 2011.

Trump has now accused his immediate predecessor Joe Biden of 'DEI madness.' In the Biden years, DEI became the short form for diversity, equity and inclusion. Very recently, the letter 'A' was added to DEI to include accessibility.

Ronald Reagan was the only President since Kennedy to take a stand against affirmative action. He issued an executive order against fixing quotas in jobs and recruitment goals. But he could not reverse affirmative actions in toto because of opposition in both Houses of Congress and among trade unions. However, Reagan favoured clearly defined plans to create business enterprises owned and run by minorities.Incidentally, Reagan was the first US President to appoint an Indian-American to a federal agency in a position which required presidential nomination. In 1987, he appointed Joy Cherian as a member of the Equal Employment Opportunity Commission. This commission was established under the Civil Rights Act of 1964 to enforce laws against discrimination in places of work.Opposition to DEI — which is roughly the equivalent of reservations in India — has been steadily building up in the US. It has been much stronger than any movement against mere affirmative action, which was small in scope and scale. Republicans, in particular, have argued that affirmative action programmes have become a form of reverse discrimination in an equal society.

